

## गुस्ताखी माफ

सूखी गेहूं किस तरह, लायें हम सरकार।
हर दूजे दिन पड़ रही, बे-मौसम बौछार।
बे-मौसम बौछार, हो गई सारी गीली।
काली-काली लगे, नहीं है पूरी पीली।
कह साहिल कविराय, मरेगी जनता भूखी।
करते नहीं खरीद, कह रहे लाओ सूखी।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 97 | SATURDAY 18-04-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# ईडी रेड से सियासत में भूचाल : पावर मंत्री संजीव अरोड़ा समेत 2 बड़े फाइनैंसर निशाने पर

## फंडिंग हुई कार्यवाही का आधार तो 70 % राजनेता और बिल्डर बन सकते है शिकार !

## • विदेश बैठे मंत्री बोले : हमें सच्चाई पर भरोसा


पंजाब/यूटर्न/17 अप्रैल। पंजाब की आप सरकार में कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा सहित दो दिग्गज कारोबारियों हेमंद सूद और चंद्रशेखर अग्रवाल पर शुक्रवार सुबह ईडी द्वारा रेड की गई। ईडी द्वारा मंत्री और उनके पार्टनर्स के लुधियाना, जालंधर, गुरुग्राम और चंडीगढ़ स्थित कुल 13 ठिकानों पर कार्यवाही की गई। इस रेड के कारणों को लेकर अलग अलग चर्चाएं बनी रही ।

देश की विश्वसनीय न्यूज एजंसी एएनआई ने एक्स पर ऑफिशियलस के हवाले से एक पोस्ट शेयर कर दावा किया कि कारोबारी चंद्रशेखर अग्रवाल के क्रिकेट, सट्टेबाजी और हवाला ट्रांजेक्शन के साथ लिंक जुड़े हुए हैं। इसी के चलते यह रेड हुई है और वहीं संजीव अरोड़ा की हैम्पटन होम्स टाउनशिप में सूद और अग्रवाल को पार्टनर बताया गया है। इसी आधार पर तीनों पर यह रेड की गई है। एएनआई के दावों को सही मनाया जाए तो ये नार्थ इण्डिया के रियल एस्टेट सहित देश के बड़े राजनेताओं के लिए रेट अलर्ट साबित हो सकता हैं। चर्चाओं की माने तो चंद्रशेखर अग्रवाल के पंजाब और चंडीगढ़ ही नहीं बल्कि नार्थः इण्डिया रियल एस्टेट सेक्टर के 70 प्रतिशत लोगों के साथ तार जुड़े हुए है। ऐसे में आगामी दिनों में कई अन्य भी रडार पर आ सकते हैं।

चर्चा है की एड रेड को पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 से प्रेरित है वही कार्रवाई आप से राज्यसभा मेंबर राघव की जानकारी पर हो रही है उधर जांच एजेंसियों की पिछले दो साल के दौरान यह मंत्री अरोड़ा पर तीसरी रेड है। रेड की सूचना पर लुधियाना के आम आदमी पार्टी लीडर मंत्री अरोड़ा के घर बाहर इकट्ठा हो गए और इस कार्रवाई को केंद्र सरकार की धक्केशाही बताया। हालांकि खबर लिखें जाने तक यह रेड जारी रही।



जालंधर चंद्र अग्रवाल के ठिकानों पर कार्यवाही दौरान ड्यूटी देती पैरामिल्ट्री फोर्स




मंत्री संजीव अरोड़ा



कारोबारी हेमंत सूद



लुधियाना में मंत्री संजीव अरोड़ा के घर के बाहर अधिकारी



Sanjeev Arora
(@SanjeevArora_PB)
on X
Good Morning! An action by the Enforcement Directorate took place at my premises. As a responsible citizen, I will fully cooperate with the agencies and I am confident that the truth will prevail.
x.com

### सच की जीत होगी : मंत्री अरोड़ा

उधर विदेश में लैंड होते जैसे ही मंत्री संजीव अरोड़ा को ईडी कार्यवाही की जानकारी मिली तो उन्होंने एक्स पर पोस्ट डाल लिखा की मैं जिम्मेवार नागरिक की तरह जाँच एजंसियों से सहयोग करूँगा और मुझे भरोसा है की सच की जीत होगी।



### राघव कनेक्शन या राजनीतिक टाइमिंग ? रेड पर उठे नए सवाल

राजनीतिक गलियारों में इस रेड का मुख्य बिंदू राज्यसभा मेंबर राघव चड्ढा को बताया जा रहा है। चर्चा है कि पंजाब विधानसभा चुनाव 2022 के दौरान चड्ढा ही पंजाब में आप के मुख्य चेहरा थे और 80 % से ज्यादा नेता एवं लेने देन उन्ही की नजरों में हुआ ऐसे में चड्ढा की राज्य सभा में लीडरशिप जाते और सिक्योरिटी वापिस लेते ही पंजाब के बड़े नेताओं सांसद अशोक मित्तल और मंत्री संजीव अरोड़ा पर ईडी की कार्यवाही मात्र इत्तेफाक होना समझ नहीं आता।


### ईडी ने नहीं दी आधिकारिक पुष्टि

*हलांकि मामले में ईडी द्वारा कोई आधिकारिक जानकारी एवं कुछ मिले जाने की पुष्टि नहीं की गई है इसलिए लोगो को आधिकारिक जानकारी का इंतजार है। अभी कुछ भी स्पष्ट कहना सही नहीं होगा*

### इन्वेस्ट पंजाब का यूरोप दौरा रोकने का प्रयास

मंत्री संजीव अरोड़ा लम्बे समय से इन्वेस्ट पंजाब के तहत पंजाब में बड़े निवेश आकर्षित करते हुए चर्चा में बने हुए है इसी श्रृंखला में 18 अप्रैल से सीएम मान के नेतृत्व में उनके विभाग का यूरोप दौरा प्रस्तावित था। लेकिन तैयारियों का जायजा लेने के उद्देश्य से मंत्री संजीव अरोड़ा वीरवार रात विदेश के लिए रवाना हो गए। सीएम भगवंत मान एवं अधिकारी भी 18 अप्रैल को विदेश जा रहे हैं। चर्चा है की मंत्री अरोड़ा के विदेश दौरे को प्रभावित करने के उद्देश्य से ठीक एक दिन पहले यह रेड सोची समझी साजिश हो सकती है।

### चंद्र पर ईडी एक्शन: मंत्री, फाइनैंसर और सियासी कनेक्शन सवालों में



चर्चा है कि जालंधर के फाइनैंसर कारोबारी चंद्रशेखर अग्रवाल पर पहले कई बार केंद्रीय जांच एजेंसियों की बड़ी बड़ी कार्यवाही एवं रेड हो चुकी है। लेकिन हर बार वे लस्सी से मक्खन की तरह बाहर निकल आते है। चर्चा है की फाइनैंसर चंद्र अग्रवाल पंजाब भाजपा ही नहीं बल्कि कई राष्ट्रिय राजेताओं के दुःख सुख के साथी है। इसीलिए मुसीबत पड़ने पर ऐसे राजनेता ही उनके वकील बन हाईकमान से उन्हें बचा लेते है। गौरतलब है की हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव के दौरान भी विपक्षियों को फंड करने से लेकर महादेव बैटिंग एप हो या खिलाडी एप जैसी बड़ी बड़ी मुसीबत से भी हर बार अग्रवाल का बचाव दर्शाता है की वे उनके पास एलआईसी से भी किफायती सुरक्षा कवच है।

### राज्यमंत्री बिट्टू के 'सब फडे जानगे' के तंज से रियल एस्टेट और राजनेताओं में हड़कंप



Ravneet Singh Bittu
2h ·
ਸਭ ਫੜੇ ਜਾਣਗੇ...!
See translation

केंद्रीय राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू द्वारा सोशल मिडिया पर सब फड़े जानगें। पोस्ट डालने से नई चर्चाएं छेड़ गया। एएनआई रिपोर्ट मुताबिक चंद्रशेखर अग्रवाल द्वारा सट्टेबाजी और हवाला राशि को लेकर ईडी ने एक्शन लिया है और अग्रवाल के मंत्री अरोड़ा के साथ कनेक्शन होने के चलते यह रेड हुई। चर्चा अनुसार अग्रवाल को नॉर्थ इंडिया का सबसे बड़ा फाइनेंसर माना जाता है। पंजाब और चंडीगढ़ में शायद ही कोई रियल एस्टेट ग्रुप एवं बड़ा राजनेता होगा, जिसने समय समय पर उसने फाइनेंस एवं अन्य मदद ना ली हो। चर्चा है की अगर ईडी रेड का आधार अग्रवाल से ली गई फंडिग एवं कनेक्शन है तो फिर तो देश के कई बड़े रियल एस्टेट ग्रुप एवं राजनेताओं शिकंजे में आ सकते हैं।

Uturn Time 18 Apr 2026_Layout 2 17-04-2026 23:25 Page 2



# तेज रिस्पॉन्स पर जोर: डीसीपी अमरिंदर सिंह ने ERV/PCR सिस्टम की समीक्षा की



पंचकूला/यूटर्न/17 अप्रैल। पंचकूला पुलिस द्वारा आमजन की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आज पुलिस लाइन पंचकूला में डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक श्री अमरिंदर सिंह द्वारा ईआरवी , पीसीआर एवं राइडर इंचार्ज व जवानों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा एवं संवाद बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान डीसीपी ने ईआरवी के प्रदर्शन उनकी कार्यप्रणाली तथा रिएक्शन टाइम का विस्तृत मूल्यांकन करते हुए निर्देश दिए कि किसी भी आपातकालीन कॉल या शिकायत प्राप्त होते ही संबंधित टीम बिना किसी देरी के तुरंत मौके पर पहुंचे, ताकि नागरिकों को समय पर सहायता उपलब्ध करवाई जा सके। उन्होंने कहा कि जिले में सक्रिय ईआरवी की जिम्मेदारी और जवाबदेही को और अधिक मजबूत किया जाएगा।



डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने सभी ईआरवी, पीसीआर एवं राइडर टीमों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र के क्राइम हॉटस्पॉट क्षेत्रों में नियमित व प्रभावी गश्त करें तथा रात्रि के समय हूटर बजाकर गश्त को और सशक्त बनाएं, जिससे अपराधियों में भय और आमजन में सुरक्षा का भाव बना रहे। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी पुलिसकर्मी अपने-अपने क्षेत्र में पुलिस-पब्लिक संवाद को बेहतर बनाएं, ताकि जनता और पुलिस के बीच विश्वास और सहयोग की कड़ी और मजबूत हो सके। साथ ही उन्होंने सभी जवानों को अपने क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। डीसीपी ने अपने संबोधन में अनुशासन, सतर्कता एवं शारीरिक फिटनेस के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि एक फिट और अनुशासित पुलिस बल ही प्रभावी कानून-व्यवस्था सुनिश्चित कर सकता है। उन्होंने सभी कर्मचारियों को अपने स्वास्थ्य व फिटनेस का विशेष ध्यान रखने तथा हर परिस्थिति में तत्पर रहने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने रिएक्शन टाइम में निरंतर सुधार लाने पर भी विशेष बल दिया। ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर भी डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक ने सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से बिना हेलमेट वाहन चलाने, नंबर प्लेट न लगाने, ट्रिपल राइडिंग, ब्लैक फिल्म का उपयोग, बुलेट मोटरसाइकिल पर पटाखे चलाने, हुड़दंगबाजी एवं स्टंट करने वाले व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखने व सख्त चालान करने के निर्देश दिए।

बैठक के उपरांत डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक द्वारा पुलिस लाइन स्थित प्रशासनिक भवन का निरीक्षण भी किया गया, जिसमें उन्होंने रिनोवेशन कार्य, भवन की संरचना, सुविधाओं एवं आवश्यकताओं का जायजा लिया। इस दौरान लाइन ऑफिसर, टीएसआई, एमटीओ एवं ईआरवी इंचार्ज सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। डीसीपी ने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता बनाए रखते हुए कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंचकूला पुलिस का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है और इसके लिए प्रत्येक पुलिसकर्मी को सक्रिय, सतर्क एवं जिम्मेदार रहना होगा।

# लुधियाना में 50% से ज्यादा HIV पॉजिटिव लोग लेते हैं ड्रग्स

## एचआईवी के साथ हेपेटाइटिस सी से भी हो रहे हैं पीड़ित

अशोक सहगल

लुधियाना/यूटर्न /17 अप्रैल। जिले में 50% अधिक एचआईवी पॉजिटिव लोग ड्रग्स लेते हैं इसके अलावा वह हेपेटाइटिस सी से भी पीड़ित हो रहे हैं विशेषज्ञों के अनुसारक 2019 से अब तक ज़िले में रिपोर्ट किए गए लगभग 4 000 हेपेटाइटिस उ मामलों में से 2550 के करीब IDUs हैं और रिपोर्ट किए गए 300 से अधिक हेपेटाइटिस B मामलों में से लगभग 200 IDUs यानी इंजेक्टबल ड्रग्स यूजर हैं।

डॉक्टर कर्टनेस एक्यूपंक्चर अस्पताल के डायरेक्टर डॉ इंद्रजीत सिंह ने बताया कि ₹बिना स्टेरिलाइज की हुई सुई शेयर करने से HIV होने की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। पहले लोगों को वायरस होने का सबसे बड़ा कारण बिना प्रोटेक्शन के सेक्सुअल एक्टिविटीज में शामिल होना था, लेकिन अब इसका इस्तेमाल करना सबसे बड़ा कारण बन गया है। डॉ इंद्रजीत सिंह ने आंकड़ों को खंगालते हुए बताया कि लुधियाना में ज्यादातर HIV मरीज इंट्रावीनस ड्रग यूजर्स (IDUs) के हो गए हैं। HIV मरीजों में IDUs का परसेंटेज 2010 में कुल मरीजों के सिर्फ़ 12.8% से बढ़कर 2024 में रिपोर्ट किए गए मरीजों का 59.16% हो गया है। 2024 में, ज़िले में 1658 केस आए और इनमें से 981 IDUs थे। 2010 में, ज़िले में 794 HIV केस आए और इनमें से सिर्फ 1,012 IDUs थे।



### पिछले वर्षों का ब्योरा इस प्रकार है

| वर्ष | कुल मामले | ड्रग यूजर | मौतें |
|---|---|---|---|
| 2024 | 1658 | 981 | 24 |
| 2023 | 2020 | 1477 | 22 |
| 2022 | 1929 | 1295 | 29 |
| 2021 | 1,195 | 711 | 10 |
| 2020 | 995 | 5230 | 09 |
| 2019 | 1357 | 640 | 02 |
| 2018 | 970 | 265 | 02 |
| 2017 | 802 | 107 | 08 |
| 2016 | 697 | 91 | 0 |
| 2015 | 789 | 68 | 02 |
| 2014 | 825 | 55 | 0 |
| 2013 | 759 | 36 | 02 |
| 2012 | 808 | 95 | 05 |
| 2011 | 795 | 67 | 05 |
| 2010 | 794 | 102 | 02 |

पिछले दो वर्षों में स्थिति और भी खराब बताई जाती है परंतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा जानबूझकर उसका ब्योरा सार्वजनिक नहीं किया जा रहा HIV मरीजों में IDU की संख्या बढ़ने के साथ, मौतों की संख्या में भी बढ़ोतरी देखी गई है। 2011 में उस हफ़्ते रिपोर्ट किए गए कुल मरीजों में से सिर्फ़.5 की मौत हुई थी, 2024 में यह संख्या बढ़कर 24 हो गई।

### IDU और मौतों की संख्या में यह बढ़ोतरी

ड्रग यूजर्स में एंटी रेट्रो वायरल (ART) सिस्टम का सख्ती से पालन न करने की वजह से हुई। फिर एचआईवी पॉजिटिव होने के बाद मरीज अपना रोग प्रकट नहीं करना चाहता फल स्वरुप एंटी रेट्रोवायरल थेरेपी नहीं लेते और रोग बिगड़कर एड्स हो जाता है सरकार HIV एड्स की रोकथाम के लिए एक प्रोग्राम टारगेट इंटरवेंशन प्रोजेक्ट चलाती है, जिसमें गैर-सरकारी संगठनों (NGOs) को सुइयां देना शामिल है। ये संगठन शेयर की गई सुइयों के इस्तेमाल से होने वाली बीमारियों को फैलने से रोकने के लिए इनका इस्तेमाल करते हैं।

डॉ. कोटनिस एक्यूपंक्चर हॉस्पिटल और एजुकेशन सेंटर चलाने वाले डॉ. इंद्रजीत ढींगरा ने कहा, ₹2008 में सरकार ने घोषणा की थी कि अगर हम ड्रग्स के खतरे को कंट्रोल नहीं कर सकते, तो हम यह पक्का कर सकते हैं कि उन्हें HIV एड्स, HVC, HCB जैसी इंफेक्शन वाली बीमारियां न हों। इसलिए, इस प्रोग्राम के तहत हमें ये सुइयां यूजर्स को बांटने के लिए दी जाती हैं। ड्रग यूजर्स हमें रजिस्टर करते हैं, और हम उन्हें सुइयां देते हैं। डॉ. ढींगरा के अनुसार, यह समस्या नए नशेड़ियों में प्रोग्राम के बारे में जागरूकता की कमी के कारण थी, नए नशेड़ियों को पता नहीं होता कि उन्हें ये हो सकती हैं। उन्होंने कहा, ₹वे हमसे सुई लेते हैं। इसलिए, वे सुई शेयर करते रहते हैं क्योंकि इन सुइयों को पाने का कोई और तरीका नहीं है। उन्होंने आगे कहा, ₹जब भी कोई नशेड़ी प्रोग्राम के लिए रजिस्टर करने के लिए NGO के पास आता है, तो हम उनका HIV टेस्ट करवाते हैं जिससे ऐसे कई मरीज सामने आए जिन्हें एचआईवी पॉजिटिव आया उन्होंने कहा कि इस मामले में व्यापक प्रोग्राम चलाने की जरूरत है

# पंजाब कैबिनेट में लिए गए अहम फैसले, 6 जिलों के रिजर्वेशन रोस्टर और 9 जगह डी-सिल्टिंग को मंजूरी, किसानों को मिलेगी राहत

पंजाब/यूटर्न/17 अप्रैल। पंजाब कैबिनेट की मीटिंग में शुक्रवार छह जिलों के रिजर्वेशन रोस्टर के बदलाव को मंजूरी दी है। मोहाली, पटियाला, फाजिल्का फिरोजपुर, मलेरकोटला और संगरूर शामिल है, क्योंकि इन जिलों की सीमाओं में बदलाव किया था। वहीं, जिन इलाकों में बाढ़ आई थी। उसमें सतलुज और घग्गर नदी के साथ लगती जमीन पर किसानों को डिसिल्टिंग की मंजूरी दी है। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कैबिनेट मीटिंग के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। वहीं, उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के खिलाफ विजिलेंस जांच शुरू करने संबंधी पूछे सवाल पर कहा कि जो भी आरोपी है उसे सजा मिलेगी। वहीं, राघव चड्ढा के सवाल पर कहा कि जो पीठ दिखाकर भागते हैं, उन्हें लोग पसंद नहीं करते हैं। हरपाल सिंह चीमा ने बताया कि कई अहम फैसले लिए गए हैं। द पंजाब पंचायती राज



अधिनियम 1994 में जो नियम बने थे, उनमें संशोधन किया गया। जब पंचायत समिति व जिला परिषद बनी थी। उस समय तय किया था जब किसी जिले या तहसील या ब्लॉक सीमा घटेगी या बढ़ेगी तो उस समय रिजर्वेशन की तबदीली की जा सकती है। जो एक्ट में मंजूर है। छह जिलों की सीमा बदली है। इनमें मोहाली, पटियाला, फाजिल्का फिरोजपुर, मलेरकोटला और संगरूर शामिल है। इसे धारा छह के अधीन मंजूरी है। 10 प्रतिशत से अधिक बदलाव आया है तो उसमें रिर्वेशन

### 9 जगह डिसिल्टिंग की मंजूरी

चीमा ने कहा कि पंजाब में बाढ़ आई तो काफी नुकसान हुआ। केंद्रीय मंत्री उस समय आए और एन्जॉय करके चले गए। लेकिन सरकार ने उन स्थानों की पहचान की है, जहां बाढ़ आती है। हरशा बेला रोपड़, मंडाला ताजोबाल, बाढ़ाकाली राउन, रुकनेवाला, खैहराबाल और डेराबस्सी में ऐसे स्थान है। इन इलाकों में सतलुज और घग्गर नदी बहती है। यहां पर डिसिल्टिंग करने की जरूरत है। जिन भी किसान की जमीन आती है, वह अपने स्तर पर पर डिसिल्टिंग कर पाएंगे। इसकी मंजूरी किसानों को लेनी पड़ेगी।

का रोस्टर बदला जाएगा। कोई व्यक्ति इसके खिलाफ एतराज देना चाहता है तो 10 दिन में दे सकता है। जिला परिषद मेंबर व पंचायत समिति के चेयरमैन चुने गए है। ऐसे में रोस्टर निर्धारित करना जरूरी थी। रोटेशन व रिजर्वेशन हुई है।

लुधियाना

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

03 शनिवार, 18 अप्रैल 2026



पेज 06 मौलीजागरां थाना पुलिस ने 16.41 ग्राम हेरोइन समेत...

# लुधियाना में अवैध माइनिंग को लेकर विवाद, माफिया ने दरिया में बांध बना रोका पानी, मशीनों से निकाल रहे रेत

लुधियाना/यूटर्न/17 अप्रैल। लुधियाना जिले के सिधवां बेट इलाके के गांव गोरसियां खान मोहम्मद में कथित अवैध रेत खनन को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। पनग्रेन के चेयरमैन और लुधियाना (देहाती) के जिला प्रधान डॉ. तेजपाल सिंह गिल ने इस मामले को गंभीर बताते हुए पंजाब सरकार के मंत्री बरिंदर गोयल से संयुक्त जांच की मांग की है।

उन्होंने जालंधर और लुधियाना जिला प्रशासन की एक संयुक्त जांच कमेटी गठित करने का आग्रह किया है। डॉ. गिल ने मौके पर पहुंचकर आरोप लगाया कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध रेत खनन हो रहा है। उन्होंने बताया कि खनन माफिया ने दरिया के अंदर अवैध रूप से बांध बनाकर पानी का बहाव रोक दिया है, जिससे प्राकृतिक जलधारा और पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है।



## पनग्रेन चेयरमैन ने मांगी संयुक्त जांच

डॉ. गिल के अनुसार, माइनिंग माफिया भारी पोकलेन मशीनों का उपयोग कर दरिया से रेत निकाल रहा था। रेत की ढुलाई के लिए ओवरलोड ट्रकों का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे गांव की सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। इसके कारण आसपास के इलाकों में धूल-प्रदूषण और यातायात की समस्या भी बढ़ गई है। ग्रामीणों ने बताया कि रेत खनन स्थल जालंधर जिले में स्थित है, लेकिन खनन माफिया लुधियाना क्षेत्र के रास्तों का उपयोग कर रहा है। गांववासियों के अनुसार, ओवरलोड ट्रकों के कारण गांव की सड़कें बुरी तरह टूट गई हैं और सीवरेज सिस्टम भी प्रभावित हुआ है।

## शिकायत करने के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों को फोन पर शिकायतें दीं, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने यह आशंका भी जताई कि यदि दरिया में बना बांध अचानक टूट जाता या पानी का बहाव तेज हो जाता, तो सिधवां बेट क्षेत्र के कई गांवों को भारी नुकसान हो सकता था। शिकायतों पर कार्रवाई न होने के बाद ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को लिखित शिकायत भेजी है। जिसके बाद अधिकारियों ने काम रुकवाया।

# मुगीर्खाने में देवर और भाभियां मिलकर करते थे ड्रग्स सप्लाई, 5 अरेस्ट, 15 ग्राम हेरोइन, नशीली गोलियां और ड्रगमनी बरामद

लुधियाना/यूटर्न/17 अप्रैल। मनोहर नगर की गली नंबर दो में देवर और भाभियां मिलकर मुगीर्खाने में ड्रग्स सप्लाई करने का धंधा करती थी। चौकी आत्म पार्क की पुलिस ने रेड कर सभी तस्करों को रंगे हाथों पकड़ लिया। पुलिस ने मौके से तीन महिलाओं और दो पुरुषों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 15 ग्राम हेरोइन, 40 नशीली गोलियां, दो इलेक्ट्रानिक कांटे और 4500 रुपए ड्रगमनी बरामद की है। थाना मॉडल टाउन की पुलिस ने मनोहर नगर की गली नंबर 2 के रहने वाले निक्कू, गोबिंद, रेखा, मुन्नी और बेबी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर उनके अन्य साथियों का सुराग लगाने का प्रयास कर रही है। चौकी आत्म पार्क के इंचार्ज एएसआई सुनील कुमार सैनी ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि उक्त आरोपी नशा तस्करी का धंधा करते हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने रेड की। रेड के दौरान आरोपियों के पास से भारी मात्रा में नशा बरामद हुआ। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर नशा जब्त कर लिया।




## आपस में रिश्तेदार हैं सभी आरोपी

चौकी आत्म पार्क इंचार्ज एएसआई सुनील कुमार सैनी ने बताया कि उक्त सभी आरोपी आपस में रिश्तेदार हैं। सभी आरोपी एक दूसरे के रिश्ते में देवर-भाभी हैं। उनका घर मुगीर्खाने के नाम से पूरे इलाके में मशहूर है। उसी में वह नशा तस्करी करते थे। आरोपी पिछले लंबे समय से ड्रग्स का कारोबार कर रहे थे। जिसके चलते पुलिस ने इन पर शिकंजा कसा है।

## ड्रग्स पर जीरो टॉलरेंस नीति अपना रही पुलिस

*एएसआई सुनील कुमार सैनी ने बताया कि उनकी तरफ से पिछले समय के दौरान लगातार कई ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। उन्होंने कहा कि सीएम भगवंत मान और पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा के नशा तस्करों पर नुकेल डालने के सख्त आदेश हैं। जिसके चलते ड्रग्स पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कोई नशा तस्करी करेगा तो उस पर सख्त एक्शन होगा। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।*

# बिंद्रा और एसएचओ मारपीट केस में कोर्ट ने सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेने और स्टेट्स रिपोर्ट पेश करने के ऑर्डर

लुधियाना/यूटर्न/17 अप्रैल। मंजू सिनेमा रोड पर स्थित बिंद्रा चिकन कार्नर के मालिक सरबजीत सिंह बिंद्रा द्वारा थाना डिवीजन नंबर छह के पूर्व एसएचओ विजय कुमार पर मारपीट के आरोप लगाए थे। इस मामले में एफआईआर दर्ज न होने पर बिंद्रा द्वारा एसएचओ, उसके ड्राइवर व तीन अन्य मुलाजिमों के खिलाफ मामला दर्ज कराने को सीआरपीसी की धारा 156 (3) के तहत माननीय कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। इस केस में वीरवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट द्वारा थाना डिवीजन नंबर छह के मौजूदा नए एसएचओ को तीन अप्रैल रात 9 बजे से 4 अप्रैल सुबह चार बजे तक की सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने अपने ऑर्डर में कहा कि फुटेज से किसी तरह की छेड़छाड़, टैंपरिंग और डिलीट नहीं होनी चाहिए। उक्त फुटेज को कोर्ट के आदेश होने पर पेश किया जाए।





# पंजाब में 129 डीएसपी के तबादले, पीपीएस गुरबिंदर सिंह लुधियाना ट्रैफिक पुलिस के नए एसीपी नियुक्त

लुधियाना/यूटर्न/17 अप्रैल। पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव की और से राज्य में अधिकारियों का बड़ा फेरबदल किया गया है। डीजीपी द्वारा शुक्रवार को 129 डीएसपी के तबादले किए हैं। इसी के तहत लुधियाना में भी कई अधिकारियों की ट्रांसफर और नियुक्तियां की गई है। जिसके चलते अब ईमानदार और साफ छवि वाले अधिकारी कहे जाते पीपीएस गुरबिंदर सिंह लुधियाना के नए एसीपी ट्रैफिक-2 तैनात किए गए हैं। उनकी और से सोमवार को अपना नया चार्ज संभाला जाएगा। वहीं इसी के साथ हरजिंदर सिंह को एसीपी पीबीआई इकनॉमिक ऑफेंस एंड साइबर क्राइम, बलविंदर सिंह को डीएसपी थर्ड आईआरबी लुधियाना, राज कुमार को एसीपी ईस्ट, इंद्रपाल चौहान को डीएसपी हेडक्वार्टर खन्ना, प्रितपाल सिंह को डीएसपी समराला, तरलोचन सिंह को डीएसपी स्पेशल ब्रांच खन्ना, राजेश कुमार को डीएसपी हेडक्वार्टर लुधियाना रुरल, हरमनप्रीत सिंह को डीएसपी पायल, करन सिंह संधू को डीएसपी दाखा, सागर को डीएसपी डिटेक्टिव लुधियाना रुरल, गुरप्रीत सिंह को डीएसपी पीबीआई कम नॉरकोटिक्स लुधियाना रुरल और एसीपी मुराद जसवीर सिंह को डीएसपी रायकोट नियुक्त किया गया है।



# अमृतसर एयरपोर्ट पर 6.27 करोड़ का 6 किलो से ज्यादा गांजा बरामद, बैंकॉक से आए यात्री को कस्टम ने पकड़ा

अमृतसर/यूटर्न/17 अप्रैल। अमृतसर स्थित कस्टम विभाग को नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। एपीआईएस (एडवांस पैसेंजर इंफॉर्मेशन सिस्टम) से मिली खुफिया जानकारी के आधार पर अधिकारियों ने एक संदिग्ध यात्री को गिरफ्तार कर उसके पास से भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया। जानकारी के अनुसार, आरोपी यात्री बैंकॉक से सिंगापुर होते हुए फ्लाइट नंबर TR-750 के जरिए अमृतसर पहुंचा था। पहले से मिले इनपुट के चलते कस्टम विभाग के अधिकारियों ने यात्री की गतिविधियों पर नजर रखी और एयरपोर्ट पर उतरते ही उसकी प्रोफाइलिंग की। इसके बाद उसके सामान की गहन तलाशी ली गई। जांच के दौरान उसके बैग के अंदर छिपाकर रखे गए 6 किलो 270 ग्राम गांजा बरामद किया गया। बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 6.27 करोड़ रुपए आंकी गई है। इतनी बड़ी मात्रा में गांजा बरामद होने से यह आशंका जताई जा रही है कि आरोपी किसी अंतरराष्ट्रीय नशा तस्करी नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है। कस्टम विभाग ने आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।



Uturn Time 18 Apr 2026_Layout 2 17-04-2026 23:25 Page 4



# डिटेक्टिव स्टाफ पंचकूला की टीम ने 607 ग्राम अफीम सहित युवक को किया गिरफ्तार, सप्लाई नेटवर्क तक पहुंची पुलिस

पंचकूला/यूटर्न/17 अप्रैल। पंचकूला पुलिस की डिटेक्टिव स्टाफ टीम ने इंचार्ज इंस्पेक्टर निर्मल कुमार के नेतृत्व में नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए 607 ग्राम अफीम सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही थाना रायपुर रानी क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर की गई। जानकारी के अनुसार, डिटेक्टिव स्टाफ पंचकूला की टीम एएसआई प्रदीप कुमार के नेतृत्व में गश्त व अपराध जांच के दौरान गांव टोका क्षेत्र में मौजूद थी, तभी गुप्त सूचना के आधार पर यह जानकारी मिली कि आरोपी अरुण कुमार उर्फ अनिल (निवासी कुराली, जिला अंबाला) अपनी काले रंग की वैन्यू गाड़ी में अफीम लेकर रायपुर रानी क्षेत्र में सप्लाई देने आने वाला है।

सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तुरंत टांगरी पुल, क्रैशर जोन के पास नाकाबंदी की। कुछ ही समय बाद बताए गए



विवरण के अनुसार गाड़ी को रोककर चालक को काबू किया गया, जिसने अपना नाम अरुण कुमार उर्फ अनिल बताया। मौके पर पहुंचे NDPS नोडल अधिकारी श्री सचिन सहरावत (ETO) की निगरानी में तलाशी के दौरान आरोपी की जेब से एक पारदर्शी पॉलिथीन में रखा काले रंग का पदार्थ बरामद हुआ, जिसे जांच में अफीम पाया गया। बरामद नशीले पदार्थ का वजन 607 ग्राम पाया गया। इसके अलावा आरोपी के कब्जे से दो मोबाइल फोन, ₹5000 नकद और वैन्यू कार भी बरामद की गई। सभी बरामदगी को नियमानुसार सील कर पुलिस कब्जे में लिया गया।

आरोपी के खिलाफ थाना रायपुर रानी में NDPS एक्ट की धारा 18 के तहत मामला दर्ज कर उसे विधिवत गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह अफीम की सप्लाई विभिन्न क्षेत्रों में करता था और इसका मुख्य सप्लायर उत्तरप्रदेश निवासी है। पुलिस टीम विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की तैयारी की जा रही है, ताकि नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जा सके। फिलहाल आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड लिया गया है, ताकि उससे गहन पूछताछ कर पूरे नशा तस्करी नेटवर्क का पदार्फाश किया जा सके।

डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने कहा: 'पंचकूला पुलिस नशा तस्करी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। इस मामले में आरोपी की गिरफ्तारी से सप्लाई चेन के महत्वपूर्ण लिंक तक पहुंच मिली है। जल्द ही पूरे नेटवर्क का पदार्फाश कर अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।' पंचकूला पुलिस ने आमजन से अपील की है कि नशा तस्करी या संदिग्ध गतिविधियों से संबंधित कोई भी जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि समाज को नशा मुक्त बनाने के प्रयासों को और मजबूत किया जा सके।

# पंजाब चुनाव संबंधी कांग्रेस की मीटिंग, अगले महीने से नेता फिल्ड में होंगे एक्टिव, सर्वे के बाद मिलेगी टिकट

मोहाली/यूटर्न/17 अप्रैल। पंजाब के विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा तैयारी शुरू कर ली गई है। जिसके चलते पार्टी लीडरों की और से पंजाब प्रभारी व छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल की अध्यक्षता में दिल्ली में मीटिंग की गई। मीटिंग में सभी सीडब्ल्यूसी के मेंबर मौजूद थे। इस दौरान चुनाव संबंधी आगे की कार्यप्रणाली पर विचार किया गया। इस दौरान भूपेश बघेल ने एक सवाल के जवाब में कहा कि सीटों के लिए सर्वे से लेकर सारी चीजें देखी जाएंगी। सर्वे में जिस लीडर के पक्ष में ज्यादा वोट हुई, उसी जीतने वाले लीडर को टिकट दी जाएगी। भूपेश बघेल ने बीजेपी व आम आदमी पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि बीजेपी में कोई लीडर नहीं है, जबकि आम आदमी पार्टी में विक्रम-बेताल वाली हालत है। भगवंत मान बिक्रम हैं और बाकी दिल्ली वाले उस पर लदे हुए हैं। केजरीवाल से सिसोदिया तक सब लदे पड़े हैं।



# चेयरमैन अमन बग्गा और सीनियर डिप्टी मेयर ने कीटनाशकों का किया निरीक्षण



लुधियाना/यूटर्न/17 अप्रैल। नए खरीदे गए कीटनाशकों की गुणवत्ता की जांच के उद्देश्य से नगर निगम की खरीद कमेटी ने चेयरमैन अमन बग्गा और सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर की अगुवाई में गिल रोड स्थित नगर निगम जोन सी कार्यालय में कीटनाशकों का निरीक्षण किया। इस दौरान काउंसलर मनजीत ढिल्लों, जोनल कमिश्नर गुरपाल सिंह, नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विपुल मल्होत्रा सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि पूरे शहर में फॉगिंग के लिए नगर निगम द्वारा 3000 लीटर कीटनाशक खरीदे गए हैं। चेयरमैन अमन बग्गा और सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर ने कहा कि उनका उद्देश्य शहरवासियों को मच्छरों से होने वाली बीमारियों से सुरक्षित रखना है। मानसून के मौसम को ध्यान में रखते हुए पहले से ही तैयारियां कर ली गई हैं। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में काम करते हुए नागरिकों की सुविधा के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। खरीद कमेटी नगर निगम द्वारा खरीदी गई सामग्री की अच्छी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सख्त निगरानी रखेगी।

# नेक कार्य की सराहना: डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने लैपटॉप लौटाने वाले युवक को किया सम्मानित

पंचकूला/यूटर्न/17 अप्रैल। पंचकूला पुलिस द्वारा ईमानदारी और सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करने वाले एक युवक को सम्मानित किया गया। डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने सेक्टर-7 मार्केट में कुक का कार्य करने वाले विवेक कुमार को उनके सराहनीय कार्य के लिए प्रशंसा पत्र व पौधा भेंट कर सम्मानित किया। जानकारी के अनुसार विवेक कुमार को पंचकुला के सेक्टर 7 वीटा



बूथ के पास एक लैपटॉप बैग मिला। उन्होंने बिना किसी लालच के तुरंत ईमानदारी का परिचय देते हुए मार्केट में गश्त कर रही ईआरवी पुलिस टीम को इसकी सूचना दी।

पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए बैग को थाना सेक्टर-7 में सुरक्षित पहुंचाया, जहां आवश्यक सत्यापन के बाद लैपटॉप उसके वास्तविक मालिक को सौंप दिया गया। विवेक के इस नेक और जिम्मेदाराना व्यवहार से न केवल लैपटॉप मालिक को राहत मिली, बल्कि समाज में ईमानदारी का एक सकारात्मक संदेश भी गया। इस सराहनीय कार्य के लिए डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने विवेक को अपने कार्यालय में बुलाकर सम्मानित किया और कहा आप जैसे ईमानदार नागरिकों के कारण ही समाज में विश्वास और सहयोग की भावना मजबूत होती है। पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल ऐसे ही प्रयासों से स्थापित होता है। गौरतलब है कि विवेक पिछले 4-5 वर्षों से सेक्टर-7 मार्केट में कुक का कार्य कर रहे हैं। पंचकूला पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे भी ऐसे ही ईमानदारी और जिम्मेदारी का परिचय दें, ताकि समाज को सुरक्षित, जागरूक और विश्वासपूर्ण बनाया जा सके।

# धार्मिक प्रवृति के इंसान थे स्वर्गीय केवल कृष्ण गोयल

लुधियाना/यूटर्न/17 अप्रैल। गोयल पेंट व गोयल पेंट एंड लाइम हाउस के मालिक व कुणाल गोयल(कन्नू) व गौतम गोयल (गोलू) के पूजनीय पिता श्री केवल कृष्ण गोयल का 6



Late : Shri Kewal Krishan Goyal
10-11-1958 To 06-04-2026


अप्रैल को निधन हो गया था। वह पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। केवल कृष्ण गोयल बेहद धार्मिक व मिलनसार प्रवृति के इंसान थे, जो हमेशा जरूरतमंदों की मदद किया करते थे। उन्होंने कड़ी मेहनत से कारोबार को स्थापित किया। उन्होंने पूरे परिवार को एकसूत्र में पिरोये रखा। अपने दोनों बेटों व बेटियों को भी अच्छे संस्कार दिए, जिसकी बदौलत उनके चारों बच्चे आज समाज में अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी पूरा कर रहे हैं। उनकी आत्मिक शांति के लिए रखे गए श्री गरुड़ पुराण के पाठ का भोग व रस्म पगड़ी 19 अप्रैल के दोपहर एक से 2 बजे तक राम दरबार मंदिर, सेक्टर 39, चंडीगढ़ रोड में होगी।

Uturn Time 18 Apr 2026_Layout 2 17-04-2026 23:25 Page 5



यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India



पेज 12 सुर्खी: इजराइल और लेबनान के बीच 10 दिन...

# लोकसभा महिलाओं के लिए आरक्षण और परिसीमन विधेयक पारित करने में विफल रही; दो-तिहाई बहुमत से पीछे रह गई

चंडीगढ़/यूटर्न/17 अप्रैल। एक संवैधानिक संशोधन बिल, जिसका मकसद 2029 से विधायिकाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करना और साथ ही लोकसभा में सीटों की संख्या बढ़ाना था, शुक्रवार को निचले सदन में पास नहीं हो पाया। हालांकि 298 सांसदों ने इस कदम का समर्थन किया और 230 ने इसका विरोध किया, लेकिन कुल वोट जरूरी दो-तिहाई बहुमत से कम रह गए। वोट देने वाले 528 सदस्यों में से, बिल को दो-तिहाई बहुमत के लिए 352 वोटों की जरूरत थी। संवैधानिक संशोधन बिल के मुताबिक, 2011 की जनगणना के आधार पर सीटों के परिसीमन के बाद, 2029 के संसदीय चुनावों से पहले महिलाओं के लिए आरक्षण कानून को ₹लागू करने₹ के लिए लोकसभा की सीटों को मौजूदा 543 से बढ़ाकर ज्यादा से ज्यादा 850 किया जाना था। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं में भी महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए सीटें बढ़ाई जानी थीं।



## केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा संघर्ष जारी

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में संवैधानिक संशोधन बिल के पास न होने के बाद कहा, हम यह पक्का करेंगे कि महिलाओं को विधायिकाओं में आरक्षण मिले। महिलाओं को अधिकार दिलाने के लिए मोदी सरकार का संघर्ष जारी रहेगा। विपक्ष ने महिलाओं का सम्मान करने का एक ऐतिहासिक मौका गंवा दिया। लोकसभा में संवैधानिक संशोधन बिल के पास न होने पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा, ₹तमिलनाडु ने दिल्ली को हरा दिया। राहुल गांधी ने कहा, मैं प्रधानमंत्री से कहना चाहता हूं कि अगर वह महिलाओं के लिए आरक्षण चाहते हैं, तो उन्हें 2023 का कानून लाना चाहिए और पूरा विपक्ष उसका समर्थन करेगा।

## संसद में संख्याओं का गणित कैसा है ?

महिला आरक्षण जैसे संवैधानिक संशोधन बिलों को पास करवाने के लिए, सदन में मौजूद और वोट देने वाले सदस्यों के दो-तिहाई बहुमत की जरूरत होती है। सदन में मौजूद सदस्यों की संख्या सदन की कुल क्षमता के आधे से कम नहीं होनी चाहिए। फिलहाल, लोकसभा में 540 सांसद हैं। तीन सीटें खाली हैं। इस मामले में, दो-तिहाई का आंकड़ा 360 है। इसका मतलब है कि बिल को लोकसभा से पास करवाने के लिए, 360 सांसदों को इसके पक्ष में वोट देना होगा।

## एनडीए को पड़ी दूसरे दलों की जरुरत

यहीं पर एनडीए पीछे रह जाता है और बिल को पास करवाने के लिए उसे कांग्रेस या क्ठउक्रअ गठबंधन के अन्य दलों की मदद की जरूरत पड़ती है। 2024 के लोकसभा चुनावों में, एनडीए ने 293 सीटें जीतीं। इखढ के अपने 240 सांसद हैं। यह दो-तिहाई की जरूरत से 67 कम है। हालाँकि विपक्षी सांसदों के वोट न देने से जरूरी संख्या कम हो सकती है, लेकिन यह अंतर बहुत बड़ा है। राज्यसभा में भी स्थिति वैसी ही है, जहाँ दो-तिहाई का आंकड़ा 163 है। पाँच मनोनीत सदस्यों को मिलाकर, एनडीए के पास 145 सदस्यों की ताकत है। इस तरह, एनडीए बहुमत के आंकड़े से 18 सीटें पीछे रह जाता है।

# HC ने ब्रिटिश नागरिकता विवाद में राहुल गांधी के खिलाफ जांच के आदेश दिए

चंडीगढ़/यूटर्न/17 अप्रैल। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ जांच के निर्देश दिए हैं। यह जांच उन आरोपों के संबंध में है कि उनके पास ब्रिटिश नागरिकता है। यह कदम एक लंबे समय से चले आ रहे राजनीतिक और कानूनी विवाद में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की अध्यक्षता वाली एक बेंच ने लखनऊ की एक अदालत के पिछले आदेश को रद्द कर दिया। लखनऊ की अदालत ने FIR दर्ज करने का आदेश देने से इनकार कर दिया था। हाई कोर्ट ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे इखढ के एक कार्यकर्ता द्वारा दायर याचिका के आधार पर आपराधिक जांच शुरू करें। याचिका में आरोप लगाया गया है कि गांधी ने कुछ विदेशी कॉर्पोरेट रिकॉर्ड में अपनी नागरिकता ब्रिटिश घोषित की हो सकती है। इससे एक भारतीय नागरिक और संसद सदस्य के रूप में उनकी पात्रता पर सवाल उठते हैं।



## राजनीतिक तनाव बढ़ने की संभावना

*इस घटनाक्रम से राजनीतिक तनाव बढ़ने की संभावना है, क्योंकि नागरिकता के मुद्दे के कानूनी और चुनावी, दोनों तरह के निहितार्थ हैं। अदालत के विस्तृत आदेश का इंतजार है, और रिपोर्ट लिखे जाने तक कांग्रेस नेतृत्व की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी। यह शिकायत शुरू में रायबरेली में एक विशेष टढ/टछअ अदालत के समक्ष दायर की गई थी। बाद में 17 दिसंबर, 2025 को हाई कोर्ट द्वारा इसे लखनऊ स्थानांतरित कर दिया गया। लखनऊ की अदालत द्वारा उनकी याचिका खारिज किए जाने के बाद, याचिकाकर्ता ने फिर से हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।*

## हाईकोर्ट कर रही आरोपों की जांच

हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि वह इस चरण पर आरोपों की सत्यता की जांच नहीं कर रहा है, लेकिन उसे जांच शुरू करने के लिए पर्याप्त आधार मिले हैं। इसने राज्य सरकार को यह छूट भी दी कि वह या तो जांच स्वयं करे या मामले को किसी केंद्रीय एजेंसी को सौंप दे। यह मामला इखढ के एक सदस्य द्वारा दायर शिकायत से जुड़ा है। यह गांधी की नागरिकता की स्थिति को लेकर वर्षों से सामने आई कानूनी चुनौतियों की एक व्यापक श्रृंखला का हिस्सा है। इसमें केंद्र सरकार की ओर से स्पष्टीकरण मांगने वाले पिछले पत्र-व्यवहार भी शामिल हैं।

## शिशिर ने घटनाक्रम को ऐतिहासिक कदम बताया

एक्स पर इस आदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए, शिशिर ने इस घटनाक्रम को एक ₹ऐतिहासिक₹ कदम बताया। उन्होंने कहा कि अदालत ने रायबरेली के कोतवाली पुलिस स्टेशन में FIR दर्ज करने का निर्देश दिया है। उन्होंने अदालत के प्रति आभार व्यक्त किया और दावा किया कि इस कार्यवाही से राष्ट्रीय सुरक्षा और जनहित में सच्चाई सामने आएगी। बाद के पोस्ट में, उन्होंने कहा कि अदालत के समक्ष रखे गए दस्तावेजों में वे कागजात भी शामिल थे जिन्हें उन्होंने अत्यंत गोपनीय रिकॉर्ड बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि नागरिकता के मुद्दे से जुड़े तथ्य वर्षों से छिपे हुए थे। उन्होंने कहा कि वह इस मामले को इसके तार्किक निष्कर्ष तक ले जाएंगे और कानून के अनुसार कानूनी कार्रवाई की मांग करेंगे।

# चंडीगढ़ में आम आदमी पार्टी का संगठन विस्तार, नई टीम घोषित; कई नेताओं को मिली जिम्मेदारी

चंडीगढ़/यूटर्न/17 अप्रैल। आम आदमी पार्टी ने चंडीगढ़ में संगठन को मजबूती देने के लिए नई टीम का ऐलान किया है। पार्टी ने विभिन्न पदों पर नियुक्तियां करते हुए जमीनी स्तर पर ढांचे को मजबूत बनाने और जनसंपर्क बढ़ाने की रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। पार्टी द्वारा जारी सूची के अनुसार कोर कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें प्रेम गर्ग को अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं जसबीर लड्डी, पीपी घई, मीना शर्मा, कौशल सिंह और शिशुपाल को सदस्य नियुक्त किया गया है। इसके अलावा सुशील कुमार को सचिव, सुनील कुमार टांक को सीनियर वाइस प्रेसिडेंट (एससी विंग), सतनाम सिंह और गुरप्रीत सिंह सोमल को वाइस प्रेसिडेंट (रूरल विंग) की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सुनील सिंह, अवतार सिंह और राकेश सोनी को जॉइंट सेक्रेटरी बनाया गया है। अन्य नियुक्तियों में हरदीप सिंह बुटेरला को सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, ओम प्रकाश तिवारी और मेवा राम को वाइस प्रेसिडेंट नियुक्त किया गया है। योगेश अरोड़ा को प्रवक्ता बनाया गया है, जबकि सनी बैरवा, आकाश गौतम, विजई कुमार, दिनेश डलेर और रोशन चंडीगढ़िया को सोशल मीडिया विंग का वाइस प्रेसिडेंट बनाया गया है। महिला मोर्चे में भी पार्टी ने बदलाव करते हुए सुखराज संधू को वुमेन विंग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी नेतृत्व ने भरोसा जताया है कि सभी नव-नियुक्त पदाधिकारी संगठन को नई दिशा देंगे और पारदर्शिता, सुशासन तथा जनसेवा के एजेंडे को आगे बढ़ाएंगे। साथ ही कार्यकताओं और समर्थकों से संगठन विस्तार अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील भी की गई है।

# बुड़ैल जेल में सुरक्षा में सेंध की कोशिश नाकाम, फलों में छिपाकर सिम कार्ड और बैटरी ले जाती दो महिलाएं गिरफ्तार

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/17 अप्रैल। बुड़ैल जेल में कैदी तक प्रतिबंधित सामान पहुंचाने की कोशिश का मामला सामने आया है। जेल प्रशासन की मुस्तैदी से फलों के अंदर छिपाकर ले जाए जा रहे सिम कार्ड और मोबाइल बैटरियां बरामद कर ली गई। इस मामले में दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार महिलाओं की पहचान परमजीत कौर और ज्योति के रूप में हुई है, जो डड्डूमाजरा कॉलोनी, सेक्टर-38 क्षेत्र की रहने वाली हैं। परमजीत कौर का बेटा राहुल जेल में बंद है। बताया जा रहा है कि दोनों महिलाएं दोपहर करीब साढ़े तीन बजे राहुल से मुलाकात करने जेल पहुंची थीं। मुलाकात के दौरान उन्होंने कैदी को अमरूद और केले दिए। इसी बीच ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को शक हुआ और फलों की तलाशी ली गई। जांच में फलों के भीतर से दो सिम कार्ड और दो मोबाइल बैटरियां बरामद हुई।




घटना की सूचना तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों और चंडीगढ़ पुलिस को दी गई। सेक्टर-49 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बरामद सामान कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू की। जांच के बाद परमजीत कौर, ज्योति और कैदी राहुल के खिलाफ जेल अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया। दोनों महिलाओं को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जेल प्रशासन अब यह भी जांच कर रहा है कि प्रतिबंधित सामान जेल के भीतर पहुंचाने की साजिश पहले से रची गई थी या इसके पीछे कोई बड़ा नेटवर्क सक्रिय है।

Uturn Time 18 Apr 2026_Layout 2 17-04-2026 23:25 Page 6



## Happy Birthday



Gaurav luthra

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

## ट्रम्प अंकल की मनमानी। मुश्किल में पड़ी, दुनिया की जिंदगानी।

डोनाल्ड ट्रंप, जिन्हें लोग अक्सर मजाक में ट्रंप अंकल भी कह देते हैं, अपनी नीतियों और फैसलों के लिए हमेशा चर्चा में रहे हैं। चाहे वो ईरान के खिलाफ युद्ध छेड़ने का फैसला हो या फिर विकासशील देशों पर नाजायज टैरिफ बढ़ाने का फैसला हो। उन्होंने दुनिया को सदा उलझन में ही फंसाए रखा है। डोनाल्ड ट्रम्प की ज़िद और आक्रामक आर्थिक नीतियों का असर केवल अमेरिका तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरी दुनिया पर पड़ा है। खासकर व्यापार युद्ध की नीति ने वैश्विक बाजारों में अस्थिरता बढ़ा दी। जब ट्रंप प्रशासन ने चीन सहित कई देशों पर भारी टैरिफ लगाए, तो इसका सीधा असर आयात-निर्यात पर पड़ा। कंपनियों की लागत बढ़ी और यह बोझ आम जनता तक महंगाई के रूप में पहुंचा। ईंधन, खाद्य पदार्थ और रोजमर्रा की चीजों की कीमतें धीरे-धीरे बढ़ने लगीं। जब ईरान के खिलाफ युद्ध छेड़ा तब दुनिया परके लगभग सभी देश तेल और गैस की कमी के कारण बहुत बड़ी मुसीबत में फंस गए।

ट्रंप की America First नीति ने भले ही अमेरिकी उद्योगों को बढ़ावा देने की कोशिश की, लेकिन इससे अंतरराष्ट्रीय सहयोग कमजोर हुआ। कई देशों ने जवाबी कदम उठाए, जिससे व्यापार और भी महंगा हो गया। इसका असर विकासशील देशों पर ज्यादा पड़ा, जहां पहले ही आर्थिक चुनौतियां मौजूद थीं।

आज जब हम बढ़ती महंगाई की बात करते हैं, तो उसमें वैश्विक नीतियों का भी बड़ा योगदान है। ट्रंप की ज़िद ने शायद कुछ राजनीतिक फायदे दिए हों, लेकिन आम जनता के लिए इसने जिंदगी को और महंगा जरूर बना दिया।

## NIT में छात्रा सुसाइड के बाद हॉस्टल वार्डन बदली, सुसाइड नोट में लिखा- मैंने पैसे-सीट वेस्ट की



कुरुक्षेत्र/यूटर्न/17 अप्रैल। हरियाणा में NIT कुरुक्षेत्र में बीटेक की छात्रा दीक्षा सुसाइड केस में संस्थान ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गर्ल हॉस्टल की चीफ वॉर्डन, डिप्टी वॉर्डन और एसोसिएट डीन स्टूडेंट वेल्फेयर को बदला गया है। गर्ल हॉस्टल की चीफ वॉर्डन डॉ. वृंदा गोयल की जगह प्रो. ज्योति ओहरी और डिप्टी चीफ वॉर्डन डॉ रितु गर्ग को बनाया गया है। NIT के पीआरओ प्रो. ज्ञान भूषण ने बताया कि एसोसिएट डीन प्रो. वीके वाजपेयी और डॉ. पूनम जिंदल को लगाया गया है। वहीं, कुरुक्षेत्र में अस्पताल पहुंचे दीक्षा के पिता शशि कुमार दुबे ने बताया कि हमारी लड़की बहुत मजबूत थी। पढ़ने में भी वो शुरू से अच्छी रही। जेईई मेंस में भी अच्छे नंबर आए था। यहां भी कॉलेज में परफॉरमेंस अच्छा था। कॉलेज प्रशासन और प्रोफेसर भी मानते हैं कि दीक्षा पढ़ाई में अच्छी थी, लेकिन फिर भी हमारी लड़की ने सुसाइड किया। इसमें जरूर कुछ न कुछ है।

### हम छोड़ेंगे नहीं, चाहे कुछ भी करना पड़ा

NIT के स्टूडेंट के आरोप पर पिता ने कहा कि हम यहां नहीं थे। छात्र ने कुछ कहा, तो हमने पुलिस से बात की है। पुलिस ने हमें आश्वासन दिए है। अगर इन कार्रवाई नहीं हुई तो हम यहां से लेकर बिहार तक जाएंगे। अपनी बच्ची की बात को हम दबने नहीं देंगे और हम छोड़ेंगे नहीं, चाहे इसमें हमें कुछ भी करना पड़े। दीक्षा के मौसेरे भाई ओंकार ने बताया कि घटना ने एक-दो दिन पहले ही उसकी घर पर बातचीत हुई थी। परिवार को अभी तक यकीन नहीं हो रहा कि दीक्षा इस तरह का कदम उठा सकती है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**False Case से कैसे बचें और क्या remedies हैं?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

कई बार लोगों को झूठे मामलों (false cases) में फंसा दिया जाता है, जिससे उन्हें मानसिक और आर्थिक नुकसान होता है।

ऐसी स्थिति में व्यक्ति के पास कई कानूनी उपाय होते हैं। वह उच्च न्यायालय में धारा 482 CrPC के तहत केस को रद्द (quash) कराने की मांग कर सकता है। इसके अलावा, झूठा मामला साबित होने पर व्यक्ति defamation का केस कर सकता है या malicious prosecution के लिए हजार्ना मांग सकता है।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि शुरूआत से ही सही दस्तावेज और साक्ष्य सुरक्षित रखें, ताकि जरूरत पड़ने पर अपनी बेगुनाही साबित की जा सके। कई लोग डर या दबाव में आकर समझौता कर लेते हैं, जबकि उनके पास मजबूत कानूनी विकल्प होते हैं।

निष्कर्ष : False case से बचाव के लिए जागरूकता और सही कानूनी कदम जरूरी हैं। कानून ऐसे मामलों में निर्दोष व्यक्ति की सुरक्षा के लिए पर्याप्त उपाय प्रदान करता है।

## मौलीजागरां थाना पुलिस ने 16.41 ग्राम हेरोइन समेत आरोपी को दबोचा, रिमांड पर लेकर नेटवर्क खंगालने में जुटी पुलिस



अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/17 अप्रैल। नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चंडीगढ़ पुलिस की मौलीजागरां थाना पुलिस ने एक आरोपी को 16.41 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई एसएसपी कंवरदीप कौर, एसपी सिटी के.एम. प्रियंका के निर्देश तथा एसडीपीओ नॉर्थ-ईस्ट विजय सिंह और थाना प्रभारी जसकरण सिंह की निगरानी में की गई। टीम का नेतृत्व एएसआई लक्ष्मण सिंह कर रहे थे।



जानकारी के मुताबिक वीरवार रात करीब 9 बजे पुलिस टीम इलाके में गश्त कर रही थी। जब टीम सुखना चो ब्रिज के पास पहुंची तो जंगल क्षेत्र की ओर से एक युवक आता दिखाई दिया। पुलिस टीम को देखकर वह घबरा गया और तेज कदमों से वापस मुड़ने लगा। शक होने पर पुलिस ने उसे घेरकर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान युवक ने अपनी जींस की जेब से एक पॉलीथिन फेंकने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने तुरंत उसे कब्जे में ले लिया। जांच में पॉलीथिन से हल्के भूरे रंग का नशीला पदार्थ मिला, जिसे ड्रग डिटेक्शन किट से जांचने पर हेरोइन पाया गया। वजन करने पर कुल 16.41 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विपिन उर्फ आदित्य निवासी हल्लोमाजरा, चंडीगढ़ के रूप में हुई है। आरोपी बरामद नशीले पदार्थ के संबंध में कोई वैध लाइसेंस या परमिट पेश नहीं कर सका। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड हासिल किया है। अब उससे पूछताछ कर नशा सप्लाई नेटवर्क और उससे जुड़े अन्य लोगों की पहचान की जा रही है। मौलीजागरां थाना प्रभारी जसकरण सिंह ने कहा कि क्षेत्र में नशा तस्करी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी भी जल्द हो सकती है। साथ ही नशा तस्करों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि या तो यह धंधा छोड़ दें या शहर छोड़ दें।

## सरकारी स्कूल में लेडी टीचर पर भांजे ने तेजाब फेंका, पूरा चेहरा झुलसा, 2 बच्चों के चेहरे और आंख भी जली

गुरदासपुर/यूटर्न/17 अप्रैल। गुरदासपुर के सरकारी प्राइमरी स्कूल में लेडी टीचर पर उसके ही भांजे ने तेजाब फेंक दिया। जिस वक्त उसने तेजाब फेंका, वह क्लासरूम में पढ़ा रही थी। तेजाब फेंकने से 4 और 6 साल के 2 बच्चे भी झुलस गए। वहीं तेजाब फेंकने से लेडी टीचर बुरी तरह से झुलस गई। जिससे स्कूल में हड़कंप मच गया। यह देख आरोपी वहां से फरार हो गया। टीचर को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी नशे का आदी है और एड्स पीड़ित भी है। उससे पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार लखविंदर कौर (36) गुरदासपुर के गांव महिमदपुर में सरकारी प्राइमरी स्कूल में टीचर है। अभी वारदात के कारण पता नहीं चल सके हैं।



### शीशी में लाकर तेजाब फेंका

लखविंदर कौर शुक्रवार को रोजाना की तरह स्कूल आई। इसके बाद वह क्लासरूम में बच्चों को पढ़ाने लगी। सुबह करीब साढ़े 10 बजे उसका भांजा वहां पहुंचा। वह शीशी में तेजाब भरकर लाया था। उसने क्लासरूम में घुसते ही सीधे लखविंदर कौर पर तेजाब फेंक दिया।

### टीचर और बच्ची की हालत नाजुक

स्कूल में ड्यूटी कर रही टीचर सरबजीत कौर और गांव के सरपंच मनदीप सिंह ने बताया कि बच्ची प्रभजोत कौर की आंखों और लखविंदर कौर के चेहरे पर तेजाब गिरा है। जिससे उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। दोनों को फिलहाल बटाला सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बच्ची के परिवार के सदस्यों और ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर डॉ. अमनदीप कौर ने बताया कि तेजाब के कारण बच्ची की आंखों को नुकसान पहुंचा है और उसका इलाज जारी है।

Uturn Time 18 Apr 2026_Layout 2 17-04-2026 23:25 Page 7



# लुधियाना (ग्रामीण) पुलिस की बड़ी सफलता, संभावित शूटआउट नाकाम, गैंगस्टर गोपी लाहौरिया के दो गुर्गे हथियारों समेत गिरफ्तार





-चरणजीत सिंह चन्ना-

जगरांव/यूटर्न/17/अप्रैल। डॉ. अंकुर गुप्ता, वरिष्ठ पुलिस कप्तान, लुधियाना (ग्रामीण) ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि पुलिस ने एक बड़ी आतंकी और आपराधिक साजिश को नाकाम करते हुए कनाडा स्थित गैंगस्टर गोपी लाहौरिया के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई सीआईए स्टाफ जगरांव द्वारा की गई। गुप्त सूचना के आधार पर सीआईए स्टाफ जगरांव के इंचार्ज इंस्पेक्टर अमृतपाल सिंह की टीम ने हाईटेक नाके पर घेराबंदी की। इस दौरान एक बिना नंबरी बाइक पर सवार दो संदिग्धों को दबोचा गया, जिनकी पहचान इस प्रकार हुई है: हर्षदीप सिंह उर्फ बिल्ला और कुलविंदर सिंह उर्फ किंदा निवासी: गांव नंगल, थाना डेहलों के रूप में हुई है।

**बरामदगी:** तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से घातक हथियारों का जखीरा बरामद हुआ: जिन में 2 अवैध देशी पिस्तौल .32 बोर, 4 मैगजीन, 4 जिंदा कारतूस, 1 चोरी की बाइक बिना नंबर, इंजन और चेसिस नंबर मिटाए हुए है।

**जांच में हुए सनसनीखेज खुलासे:** शूटआउट की साजिश: पूछताछ में पता चला है कि आरोपी कनाडा में बैठे गैंगस्टर देवेंद्रपाल सिंह उर्फ गोपी लाहौरिया के संपर्क में थे। वे मोगा इलाके से हथियारों की खेप लेकर लुधियाना में एक बड़ी वारदात (शूटआउट) को अंजाम देने जा रहे थे।

**लालच:** इस वारदात को अंजाम देने के बदले उन्हें 20,000 रुपये देने का वादा किया गया था।

**पुराना आपराधिक रिकॉर्ड:** आरोपी हर्षदीप सिंह उर्फ बिल्ला पहले से ही हत्या के मामले में शामिल था और अभी बीते 20 मार्च को ही लुधियाना जेल से जमानत पर बाहर आया था। बाहर आते ही वह फिर से आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय हो गया। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए इन दोनों रूपों के खिलाफ थाना सदर जगरांव में मामला दर्ज किया है। लुधियाना (ग्रामीण) पुलिस की इस मुस्तैदी से शहर में एक बड़ी अनहोनी टल गई है। हम मामले की गहराई से जांच कर रहे हैं ताकि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों को भी बेनकाब किया जा सके।

# शहर में सैटरडे नाइटों के नतीजे आने शुरू, शराब में धुत युवाओं ने की मारपीट व तोड़फोड़

लुधियाना/यूटर्न/17 अप्रैल। लुधियाना में सैटरडे नाइटों के दौरान रसूखदार घरों के युवाओं द्वारा नाइट आउट करके जमकर शराब पीकर हुल्लड़बाजी की जाती है। यूटर्न टाइम अखबार द्वारा सैटरडे नाइट के दौरान शहर में युवाओं द्वारा की जाने वाली हुल्लड़बाजी को लेकर खुलासे भी किए थे। जिसमें कभी युवाओं द्वारा शराब पीकर व अन्य नशों का सेवन करके कारों की रेस लगाई जाती है तो कहीं ओवरस्पीड वाहन चलाए जाते हैं। इन युवाओं में ज्यादातर युवा बड़े घरानों के मेंबर होते हैं। वहीं अब एक ताजा मामला सिटी रोड स्थित सुखमनी एन्क्लेव के अगावे रेस्त्रां का सामने आया है। जहां पर आधा दर्जन से अधिक युवकों




द्वारा पहले जमकर शराब पी। जिसके बाद साथ के टेबल पर बैठे युवकों के साथ मारपीट की। यहां तक कि एक युवक के कपड़े तक फाड़ दिए।

मारपीट के बाद हमलावर वहां से भाग निकले। जख्मी का परिवार द्वारा सिविल अस्पताल से मेडिकल करवाया गया। थाना सराभा नगर की पुलिस ने रिषी नगर के ब्रहमलीन सिंह की शिकायत पर रिषी नगर के सैम गांधी, आयूश गांधी, टैगोर नगर के गोरिश अरोड़ा, अनमोल और प्रणव हरजाई और उनके तीन साथियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता अपने दोस्तों के साथ सुखमनी एन्क्लेव स्थित अगावे रेस्त्रां में दोस्तों के साथ शनिवार रात गया था। इस दौरान उसके साथ वाले टेबल पर उक्त आरोपी बैठे थे। जो शराब के नशे में धुत होने के बाद हंगामा कर रहे थे। इस दौरान आरोपियों ने शिकायतकर्ता के टेबल पर टांग मारकर गिरा दिया। जिसके बाद उन्हें रोका तो उन्होंने शिकायतकर्ता की बुरी तरह से पिटाई कर डाली। यहां तक कि उसके कपड़े तक फाड़ डाले।

***परिवारों का नहीं है युवाओं पर कंट्रोल***

*लुधियाना में पिछले कुछ महीनों के दौरान हुल्लड़बाजी के कई ऐसे मामले सामने आ चुके हैं। यहां तक कि हुल्लड़बाजी करते हुए युवकों व युवतियों को अपनी जान तक गंवानी पड़ गई थी। तब बात निकलकर सामने आई थी, कि पेरेंट्स का अपने बच्चों पर कंट्रोल नहीं है। लेकिन उसके बावजूद भी पेरेंट्स द्वारा अपने बच्चों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। हालांकि जब कोई घटना हो जाती है, तो उसके बाद पेरेंट्स के पास सिर्फ पछतावा करने के अलावा और कुछ नहीं बचता। ऐसे में उन्हें चाहिए कि वह पहले ही अपने बच्चों पर कंट्रोल रखे और उन्हें मयार्दा में रहना सिखाएं।*

# आप पार्टी की रोक के बावजूद राघव चड्ढा को राज्यसभा में बोलने का दिया समय

पंजाब/यूटर्न/17 अप्रैल। राज्यसभा में डिप्टी लीडर के पद से हटाने के बाद शुक्रवार को राघव चड्ढा को राज्यसभा सभापति ने बोलने का मौका दिया। इस दौरान उन्होंने आम आदमी पार्टी पर तंज कसा। उस समय आप के सदस्य संत बलबीर सिंह सीचेवाल व संदीप पाठक भी राज्यसभा में मौजूद थे।



राघव चड्ढा को सभापति सीपी राधाकृष्णन ने हरिवंश सिंह को तीसरी बार उपसभापति बनने पर बधाई देने का समय दिया। राघव चड्ढा ने 1 मिनट 50 सेकेंड तक भाषण दिया। उन्होंने एक बार भी अपने भाषण में आम आदमी पार्टी का नाम नहीं लिया। राघव चड्ढा ने कहा जिस पार्टी से मैं संबंधित हूं, उसके नेता और नवनियुक्त उपनेता भी सदन में मौजूद नहीं हैं। मैं हाल ही में हटाया गया उपनेता हूं और मैं सदन में मौजूद हूं। मुझे बोलने का अवसर देने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

# लिंक रोड का बंद कट जल्द खुलेगा, ट्रांसपोर्टरों की मांग पर प्रशासन हरकत में

लुधियाना/यूटर्न/17 अप्रैल। लिंक रोड स्थित बंद पड़े कट को खुलवाने की मांग को लेकर लुधियाना गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन



सक्रिय हो गई है। एसोसिएशन के प्रधान दर्शन सिंह और जनरल सेक्रेटरी अशोक पाहवा की मौजूदगी में मौके पर ट्रैफिक पुलिस के उच्च अधिकारियों को बुलाकर स्थिति से अवगत कराया गया। प्रेस सचिव जगदीश सिंह जस्सोवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर योजना के तहत दो मुख्य रास्ते छोड़े गए थे—एक अंबाला बाईपास दिल्ली रोड की ओर और दूसरा लिंक रोड चीमा चौक की ओर। लेकिन गंदे नाले को ढकने के प्रोजेक्ट के दौरान लिंक रोड वाला कट अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था, जिसे बाद में खोलने का आश्वासन दिया गया था।

अब प्रोजेक्ट पूरा होने के बावजूद यह कट अब तक नहीं खोला गया, जिससे ट्रांसपोर्टरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एसोसिएशन ने एनएचएआई, नगर निगम और पुलिस प्रशासन से कई बार गुहार लगाई। मौके पर पहुंचे ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों ने निरीक्षण कर जल्द ही इस कट को खोलने का भरोसा दिया। इस दौरान एसोसिएशन के कई सदस्य भी मौजूद रहे।

# कांग्रेस नेता इंदी को मिली अंतरिम जमानत



लुधियाना/यूटर्न/17 अप्रैल। लायंस क्लब रोड पर बन रही सड़क पर जाकर मजदूर को थप्पड़ मारने, सरकारी काम में बांधा डालने और धमकाने के मामले में पार्षद पति इंदरजीत सिंह इंदी को शुक्रवार को कोर्ट से अंतरिम जमानत मिल गई है। सुनवाई के दौरान आरोपी पक्ष के वकील ने दलील दी कि उसे राजनीतिक रंजिश के तहत झूठा फंसाया गया है और वह जांच में शामिल होने को तैयार है। वहीं, सरकारी वकील ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि आरोपी ने गंभीर अपराध किया है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने आरोपी को अंतरिम जमानत दे दी। जानकारी के अनुसार थाना डिवीजन नंबर 8 की पुलिस ने जेई रूपिंदर सिंह की शिकायत पर इंदी के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

# रन ऑफ यूनिटी के प्रति सभी तैयारियां मुकंमल-परमजीत सचदेवा



होशियारपुर/यूटर्न/17 अप्रैल। जीएनए यूनिवर्सिटी, फिट बाइकर क्लब, सचदेवा स्टाकस और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास में 19 अप्रैल रविवार को रन ऑफ यूनिटी का आयोजन किया जा रहा है जिसके प्रति सभी तैयारियां मुकंमल कर ली गई है,यह जानकारी कलब के प्रधान परमजीत सिंह सचदेवा ने दी। उन्होंने बताया कि इस रन आफ युनिटी का थीम पंजाब सरकार की नशे खिलाफ चलाई जा रही मुहिंम है। प्रधान परमजीत सचदेवा ने बताया कि इस आयोजन के लिए जो पहले 500 लोग रजिस्ट्रेशन करवाएगे उन्हे कलब की तरफ से टी-शर्ट दी जाएगी, यह रन आफ युनिटी सचदेवा स्टाकस के बूलावाड़ी स्थित दफतर से शुरू होगी।

# ऑल पंजाब आंगनवाड़ी वर्कर्स यूनियन ने आंगनवाड़ी सेंटरों के लिए खरीदे गए फोन रूरल डिपार्टमेंट को देने का विरोध किया है

## माताओं, बेटियों, सम्मान स्कीम में आंगनवाड़ी वर्कर्स डेटा ऑनलाइन तभी करेंगी जब सरकार स्मार्ट फोन देगी - हरगोबिंद कौर

सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/17 अप्रैल। आज यहां ऑल पंजाब आंगनवाड़ी वर्कर्स यूनियन की एक मीटिंग जिला प्रेसिडेंट गुरमीत कौर बठिंडा की अध्यक्षता में हुई, मीटिंग को संबोधित करने के लिए नेशनल प्रेसिडेंट हरगोबिंद कौर खास तौर पर पहुंचीं। मीटिंग को संबोधित करते हुए नेशनल प्रेसिडेंट हरगोबिंद कौर ने कहा कि सरकार ने आंगनवाड़ी पोषण अभियान के तहत आंगनवाड़ी सेंटरों में देने के लिए जो स्मार्ट फोन खरीदे थे, वे अब सर्वे करने के लिए रूरल डेवलपमेंट को दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार माताओं और बेटियों सम्मान स्कीम शुरू कर रही है, जिसमें आंगनवाड़ी वर्कर्स को जो फॉर्म अपने फोन से भरने के लिए कहा जा रहा है, आंगनवाड़ी वर्कर्स उन्हें अपने



पर्सनल फोन से नहीं भरेंगी, अगर सरकार आंगनवाड़ी वर्कर्स को स्मार्ट फोन देती है जो उनके लिए पोषण अभियान के तहत खरीदे गए हैं, तभी स्कीम के ये फॉर्म भरे जाएंगे। उन्होंने मांग की कि आंगनवाड़ी वर्कर को ये फॉर्म अपलोड करने के लिए कम से कम 100 रुपये प्रति फॉर्म दिए जाएं। आंगनवाड़ी सेंटरों पर आने वाला राशन खपत रिपोर्ट के हिसाब से दिया जाए। खाने की खपत कम है और राशन ज्यादा फेंका जा रहा है, जिसका समय पर इस्तेमाल नहीं होता और राशन खराब हो रहा है।

सरकार ने मानदेय दोगुना करने का वादा किया था, सरकार वह वादा भी पूरा करे, आंगनवाड़ी वर्करों और हेल्परों का मानदेय समय पर दिया जाए, आंगनवाड़ी वर्करों को प्री-नर्सरी टीचर का दर्जा दिया जाए, सरकारी प्राइमरी स्कूलों में भर्ती बच्चों को वापस आंगनवाड़ी सेंटरों में भेजा जाए। इस समय लीलावती बठिंडा, हरवीर कौर बठिंडा, कमलजीत कौर बठिंडा, जसवंत कौर बठिंडा, रुपिंदर कौर बठिंडा, मनप्रीत कौर सिविया, बलबीर कौर भोखरा, रेखा रानी गोनियाना कलां, सुनीता रानी गोनियाना मंडी, बलबीर कौर लहरी, बलविंदर कौर जज, किरपाल कौर भुंडर, करमजीत कौर रामपुरा, बीरपाल कौर रुलदूवाला, परमिंदर कौर पक्के कलां, कमल कुमारी, इंदरजीत कौर घुदा, दर्शना कौर नथाना आदि नेता मौजूद थे।

# चौथा IPL फैन पार्क 18-19 अप्रैल को कॉप्स क्लब बठिंडा में: अमरजीत मेहता

## क्रिकेट प्रेमियों को मिलेगा स्टेडियम जैसा रोमांचक अनुभव





सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/17 अप्रैल। शहर के क्रिकेट प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। पिछले तीन वर्षों की ऐतिहासिक सफलता के बाद इस बार चौथी बार 18 व 19 अप्रैल को कॉप्स क्लब (पुलिस ग्राउंड) बठिंडा में आईपीएल फैन पार्क का आयोजन किया जा रहा है। इस बार आयोजन को और भी भव्य व रोमांचक बनाने के लिए कई नए बदलाव किए गए हैं। यह जानकारी आज आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) के प्रधान श्री अमरजीत मेहता ने दी। इस मौके पर बीसीसीआई के प्रतिनिधि राघविंदर सिंह, बठिंडा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के प्रधान श्री दर्शन घुद्दा, सचिव श्री अरुण जीतमल वधावन और कोषाध्यक्ष श्री शिव जिंदल भी मौजूद थे।

श्री अमरजीत मेहता ने बताया कि फैन पार्क में प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रहेगा और दोनों दिन कार्यक्रम दोपहर 2:30 बजे से शुरू हो जाएगा। यहां दर्शकों के लिए दोनों दिनों के आईपीएल मैचों का लाइव प्रसारण किया जाएगा, जिसके लिए 32.18 फीट की बड़ी स्क्रीन और 16.8 फीट की साइड स्क्रीन लगाई गई है, ताकि हर दर्शक मैच का भरपूर आनंद ले सके। उन्होंने बताया कि इस बार फैन पार्क में मनोरंजन के लिए किड्स जोन, पिच परफेक्ट, गेम ऑफ थ्रोन्स, वीआर गेम, फॉलिंग बैट और बैटटैक जैसे कई आकर्षक गेम्स भी लगाए गए हैं। इसके साथ ही स्वादिष्ट व्यंजनों के लिए विभिन्न फूड स्टॉल्स भी उपलब्ध रहेंगे। पीसीए प्रधान श्री मेहता ने बीसीसीआई अध्यक्ष श्री जय शाह और उनकी टीम का धन्यवाद करते हुए कहा कि देश के लगभग 50 शहरों में आयोजित होने वाले आईपीएल फैन पार्क में बठिंडा का नाम लगातार चौथी बार शामिल होना शहर के लिए गर्व की बात है।

उन्होंने पंजाब सरकार और मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान का भी धन्यवाद किया, जिन्होंने इस आयोजन के लिए समय पर बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करवाई हैं और सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई हैं। श्री अमरजीत मेहता ने आगे बताया कि दोनों दिनों में तीन-तीन लकी ड्रा निकाले जाएंगे, जिनमें विजेता दर्शकों को टी-शर्ट देकर सम्मानित किया जाएगा। अंत में उन्होंने शहर के क्रिकेट प्रेमियों से अपील करते हुए कहा कि वे बड़ी संख्या में पहुंचकर इस फैन पार्क का हिस्सा बनें और स्टेडियम जैसा माहौल महसूस करते हुए आईपीएल का पूरा आनंद उठाएं।

# जगरांव: बिजली कर्मचारियों ने फूंका बिजली मंत्री का पुतला

## मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/17/अप्रैल। जुआइंट फोरम-एकता मंच पंजाब और एसोसिएशन ऑफ जूनियर इंजीनियर्स के आह्वान पर आज जगरांव डिवीजन की सभी यूनियनों ने बिजली मंत्री संजीव अरोड़ा के कथित अड़ियल रवैये के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने ना केवल रोष रैली निकाली, बल्कि सरकार और बिजली मंत्री का पुतला फूंक कर अपना गुस्सा जाहिर किया। रैली को संबोधित करते हुए विभिन्न वक्ताओं ने पंजाब सरकार और पावर कॉर्पोरेशन (PSPCL) के प्रबंधन की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि बीती 16 अप्रैल को जुआइंट फोरम और जूनियर इंजीनियर्स की लीडरशिप के साथ तय हुई मीटिंग के बावजूद, उनकी जायज मांगों का समाधान नहीं निकाला गया।

### संघर्ष तेज करने की चेतावनी


यूनियन नेताओं ने सरकार और प्रबंधन को दो-टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि आने वाले समय में मानी गई मांगों को तुरंत लागू नहीं किया गया, तो इस संघर्ष को और उग्र किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में बिजली आपूर्ति या अन्य व्यवस्थाओं में कोई बाधा आती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार और पावरकॉम मैनेजमेंट की होगी।

### इन नेताओं ने किया प्रदर्शन का नेतृत्व

इस विरोध प्रदर्शन में डिवीजन अध्यक्ष अवतार सिंह कलेर, हरविंदर सिंह स्वद्दी, भूपिंदर सिंह सेखों, अपतेंद्र सिंह सिद्धू, अमनदीप सिंह डल्ला और राजिंदर सिंह सिद्धू समेत भारी संख्या में बिजली कर्मचारी और अधिकारी शामिल हुए। रैली के दौरान कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में और सरकार की कार्यप्रणाली के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर जूनियर इंजीनियर, फोरमैन और अकाउंटेंट सहित विभाग के विभिन्न वर्गों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दल खालसा का इंस्टाग्राम अकाउंट बंद, संगठन बोला- केंद्र सरकार कर रही अभिव्यक्ति पर हमला

अमृतसर/यूटर्न/17 अप्रैल। केंद्र सरकार द्वारा दल खालसा का इंस्टाग्राम अकाउंट बंद कर दिया गया है। इस कार्रवाई के बाद संगठन में हलचल तेज हो गई है। दल खालसा के नेता कंवरपाल सिंह बिट्टू ने इस फैसले को गैर-लोकतांत्रिक बताते हुए सरकार पर उनकी आवाज दबाने का सीधा आरोप लगाया है। बिट्टू ने मीडिया को बताया कि यह पहली बार नहीं है। जून 2025 में भी उनका एक सोशल मीडिया पेज बंद किया गया था, जिसके बाद नया अकाउंट बनाया गया था। अब उसे भी बंद कर दिया गया है। सरकार ने कुछ खास पोस्टों पर आपत्ति जताई थी। इनमें 26 जनवरी से जुड़े सरबत खालसा कार्यक्रम, अकाल तख्त साहिब पर हुई अरदास और अन्य गतिविधियों से संबंधित पोस्ट शामिल थीं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा गांव-गांव और शहर-शहर चलाई गई मुहिम, 14 मार्च को गृह मंत्री के दौरे से पहले उनकी तरफ से उठाए गए सवाल और 15 मार्च को जारी वीडियो पर भी रोक लगाई गई थी। इसके अतिरिक्त, 13 अप्रैल को धर्मकोट में आयोजित कार्यक्रम, जिसमें खालसा राज और खालिस्तान की आवश्यकता पर चर्चा हुई थी, उससे जुड़े पोस्ट भी सरकार के निशाने पर रहे और उन्हें हटा दिया गया।



# पंजाब में किसानों का रेल रोको आंदोलन टला, किसान नेता पंधेर बोले- 3 दिन का समय दिया

पंजाब/यूटर्न/17 अप्रैल। पंजाब में गेहूं की खरीद और लिफ्टिंग में देरी होने से नाराज किसानों ने अब रेल रोको आंदोलन को 3 दिन के लिए स्थगित कर दिया है। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि सभी किसान मोर्चों ने तय कर सरकार को 3 दिनों का समय दिया है। किसान पंजाब के 18 जिलों में पटरियों पर बैठने और ट्रेनों का चक्का जाम करने वाले थे। केएमएम (किसान मजदूर मोर्चा) और एसकेएम (संयुक्त किसान मोर्चा) के आह्वान पर प्रदेश भर में रेल रोको आंदोलन करना था। किसान नेताओं का आरोप है कि सरकार और प्रशासन गेहूं की खरीद में जानबूझकर देरी कर रहे हैं।



मंडियों में बारदाने (बोरियों) की कमी और लिफ्टिंग न होने के कारण किसान हफ्तों से अपनी फसल लेकर बैठे हैं। जगराओं में हुई महापंचायत के बाद नेताओं ने ऐलान किया नमी के नाम पर किसानों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसानों की मांगों को देखते हुए केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि केंद्र सरकार ने किसानों की समस्या का समाधान करने के लिए एफसीआई को आदेश जारी किए हैं। एफसीआई ने भी केंद्र सरकार के निर्देश पर गेहूं खरीद के लिए मानकों में छूट दे दी है।

### एक-एक दाना खरीदेगी केंद्र सरकारः रवनीत बिट्टू

केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्   टू ने आंदोलन के ऐलान के बाद कहा कि केंद्र सरकार किसानों की फसल का एक एक दाना उठाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के निर्देश पर ऋछकने गेहूं खरीद के लिए मानकों में छूट दे दी है। राज्य सरकार को छूट के बारे में पत्र भेज दिया है। राज्य सरकार अब जल्दी किसानों की फसल खरीदकर लिफ्टिंग करवाए।

# केंद्र सरकार ने गेहूं खरीद के मानकों में दी राहत, बारिश-ओलावृष्टि से खराब फसल भी खरीदी जाएगी

पंजाब/यूटर्न/17 अप्रैल। पंजाब में असमय हुई बारिश से प्रभावित फसल को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने पंजाब को बड़ी राहत दी है। रबी मार्केटिंग सीजन (आरएमएस) 2026-27 के तहत गेहूं की खरीद के लिए तय मानकों में विशेष छूट दी गई है। यह फैसला पंजाब के सभी जिलों के साथ-साथ चंडीगढ़ (यू.टी.) पर भी लागू होगा। दरअसल, राज्य सरकार और भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) की ओर से केंद्र को भेजे गए अनुरोध में बताया गया था कि बारिश के कारण गेहूं की गुणवत्ता प्रभावित हुई है। इसके बाद केंद्र ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 10 अप्रैल को टीमों को जमीनी स्थिति का आकलन करने के लिए भेजा। फील्ड रिपोर्ट के आधार पर यह निर्णय लिया गया। वहीं बताया जा रहा है कि केंद्र सरकार द्वारा खराब हुई फसल का भी आकलन कर उसे खरीद सकती है।



### किसानों ने चक्का जाम का फैसला टाला

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार ने इस संबंध में पत्र राज्य सरकार को भेज दिया है। उन्होंने कहा कि यह आदेश आज से ही लागू हो जाएंगे। किसानों ने रेल का चक्का जाम करने की घोषणा की थी हालांकि बाद में उसे टाल दिया था। केंद्रीय राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने भी सुबह ही इस संबंध में जानकारी दे दी थी। उन्होंने कहा था कि केंद्र सरकार ने एफसीआई के जरिए राज्य सरकार को गेहूं खरीद के मानकों में बदलाव की जानकारी दे दी थी।

# जीरकपुर में एंग्लो-इंडियन फूड फेस्टिवल की शुरूआत

## 17 से 27 अप्रैल तक मिलेगा ब्रिटिश-भारतीय व्यंजनों का अनोखा स्वाद

जीरकपुर/यूटर्न/17 अप्रैल। वेलवेट क्लार्क्स एक्सटिका जीरकपुर के इल्यूजन आउटलेट में 17 अप्रैल से 27 अप्रैल तक एंग्लो-इंडियन फूड फेस्टिवल की शुरूआत हो गई है। 11 दिनों तक चलने वाला यह विशेष फेस्टिवल रोजाना शाम 7 बजे से रात 11 बजे तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें मेहमानों को ब्रिटिश और भारतीय व्यंजनों के अनोखे संगम का अनुभव मिलेगा।



फेस्टिवल में एंग्लो-इंडियन खानपान की समृद्ध विरासत को प्रस्तुत किया जा रहा है, जो औपनिवेशिक दौर में विकसित हुई थी। मेन्यू में मुलिगटॉनी सूप, रेलवे मटन कटलेट और रेलवे वेज कटलेट जैसे पारंपरिक व्यंजन शामिल हैं, जो पुरानी रेल यात्राओं की याद दिलाते हैं। मुख्य व्यंजनों में नॉन-वेज बॉल करी विद येलो राइस, चिकन करी, चिकन स्ट्यू, वेज जालफ्रेजी और वेज कोलकाता बिरयानी जैसे खास पकवान परोसे जा रहे हैं। इसके साथ ही शिमला ईवनिंग स्प्रिट्ज और एंग्लो हर्ब स्प्लैश जैसे ताजगीभरे मॉकटेल भी मेहमानों को आकर्षित कर रहे हैं। मिठाई में कैरामेल कस्टर्ड और ब्रेड पुडिंग विद वनीला सॉस जैसे क्लासिक डेजर्ट इस फेस्टिवल को खास बना रहे हैं। आयोजकों के अनुसार यह फेस्टिवल सिर्फ खानपान तक सीमित नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक और क्यूलिनरी अनुभव है, जो परिवारों, कॉरपोरेट मेहमानों और फूड प्रेमियों के लिए खास तौर पर तैयार किया गया है।

इस मौके पर शेफ योगेश ने कहा कि एंग्लो-इंडियन खाना 'इतिहास को प्लेट पर परोसने' जैसा है, जहां हर डिश एक कहानी बयां करती है। वहीं होटल के जनरल मैनेजर मनिंदरजीत सिंह सिब्बल ने कहा कि यह फेस्टिवल विभिन्न संस्कृतियों को जोड़ने वाली अनूठी विरासत को समर्पित है। उन्होंने शहरवासियों को इस खास फूड फेस्टिवल का आनंद लेने के लिए आमंत्रित किया।

# जीरकपुर में रक्तदान शिविर, 51 यूनिट रक्त एकत्र



जीरकपुर/यूटर्न/17 अप्रैल। विश्वास फाउंडेशन पंचकूला और इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा मोहाली द्वारा गुरुदेव श्री स्वामी विश्वास जी के आशीर्वाद से जीरकपुर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर मेट्रो स्टोर के सामने लगाया गया, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

एम केयर ब्लड सेंटर जीरकपुर की टीम ने डॉक्टर कार्तिक अग्रवाल की देखरेख में कुल 51 यूनिट रक्त एकत्रित किया। शिविर के दौरान रक्तदान को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास ने कहा कि समाज में अभी भी यह गलत धारणा है कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आती है, जबकि ऐसा नहीं है। उन्होंने बताया कि स्वस्थ व्यक्ति को हर 90 दिन में एक बार रक्तदान जरूर करना चाहिए। इससे न केवल जरूरतमंदों की मदद होती है, बल्कि शरीर भी स्वस्थ रहता है। उन्होंने रक्तदान को सबसे बड़ी सेवा बताया। शिविर में आए सभी रक्तदानियों को प्रशंसा पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर प्रेम नाथ बंसल, पवन गर्ग, संदीप परमार, सत्य भूषण खुराना सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नशों के खिलाफ मुहिम को मिली नई ताकत, विधायक रंधावा ने किया जागरूक



डेराबस्सी/यूटर्न/17 अप्रैल। डेराबस्सी कम्युनिटी सेंटर में 'नशों के खिलाफ युद्ध' विषय पर एक जागरूकता बैठक आयोजित की गई, जिसमें हलका विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। बैठक का उद्देश्य समाज में बढ़ते नशे के प्रभाव को रोकना और युवाओं को सही दिशा की ओर प्रेरित करना रहा।

इस अवसर पर विधायक रंधावा ने कहा कि नशा पंजाब के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुका है और इसका खात्मा केवल सरकार के प्रयासों से संभव नहीं है। इसके लिए समाज के हर वर्ग की साझी भागीदारी जरूरी है। उन्होंने माता-पिता, शिक्षकों और सामाजिक संस्थाओं से अपील की कि वे युवाओं को नशों से दूर रखने के लिए आगे आएं और उन्हें खेल, शिक्षा तथा अन्य रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ें। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा ह्लनशों के खिलाफ युद्धह्व मुहिम को और तेज किया जा रहा है तथा इसे सफल बनाने के लिए हर स्तर पर ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। युवाओं के लिए खेल मैदान, शिक्षा और रोजगार के अवसर बढ़ाए जा रहे हैं, ताकि उन्हें स्वस्थ और बेहतर जीवनशैली की ओर प्रेरित किया जा सके। बैठक के दौरान उपस्थित लोगों ने भी नशों के खिलाफ इस लड़ाई में पूरा सहयोग देने का भरोसा दिया और समाज को नशामुक्त बनाने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया।

# चंडीगढ़ साइबर पुलिस की बड़ी कार्रवाई: डिजिटल अरेस्ट ठगी मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

चंडीगढ़/यूटर्न/17 अप्रैल। चंडीगढ़ साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई क्षेत्र में बढ़ते साइबर अपराधों पर लगाम लगाने की दिशा में अहम मानी जा रही है। यह गिरफ्तारी एसपी साइबर यूटी चंडीगढ़ गीतांजलि खंडेलवाल के निर्देशों, डीएसपी साइबर क्राइम एवं आईटी के मार्गदर्शन तथा सेक्टर-17 स्थित साइबर थाना प्रभारी की निगरानी में की गई। मामले में एफआईआर नंबर 39, दिनांक 07 मार्च 2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया था।



## आरोपियों की पहचान

01. रमेश अजय भाई अबचुंग निवासी सपना नगर नंबर-4, गांधीधाम, कच्छ, गुजरात (39 वर्ष)
02. योगेश देवजी महेश्वरी निवासी सेक्टर-7, गांधीधाम, कच्छ, गुजरात (38 वर्ष)
03. हितेश नारन बोरिचा निवासी बोरिचावास, मिथ्री रोड, गांधीधाम, कच्छ, गुजरात (40 वर्ष)

पुलिस के अनुसार यह मामला एक बुजुर्ग शिकायतकर्ता की शिकायत पर दर्ज किया गया था। दिसंबर 2025 में पीड़ित को डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर विभिन्न बैंक खातों में करीब 46 लाख रुपये जमा करवाए गए थे। जांच के दौरान तकनीकी निगरानी और फील्ड इनपुट के आधार पर आरोपी रमेश को गिरफ्तार किया गया। उसके बैंक खाते में ठगी की रकम में से 15 लाख रुपये जमा हुए थे, जिन्हें बाद में अलग-अलग स्थानों से निकालकर अन्य खातों में ट्रांसफर किया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि रमेश ने अपना बैंक खाता अन्य आरोपियों योगेश और हितेश के जरिए अहमदाबाद निवासी रफीक भाई को कमीशन पर उपलब्ध करवाया था।

तीनों आरोपियों को गुजरात के गांधीधाम से गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर चंडीगढ़ लाया गया। अदालत से दो दिन का पुलिस रिमांड लेने के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि वे साइबर ठगी में इस्तेमाल होने वाले बैंक खाते उपलब्ध करवाते थे। इनके जरिए ठगी की रकम को अलग-अलग खातों में घुमाया जाता था।

### जनता के लिए साइबर पुलिस की एडवाइजरी

- किसी भी तरह की वेरिफिकेशन, गिरफ्तारी से बचने या फर्जी केस निपटाने के नाम पर पैसे ट्रांसफर न करें।
- अपने पहचान पत्र केवल अधिकृत व्यक्तियों को ही दें।
- किसी को अपना सिम कार्ड या बैंक खाता किराए पर न दें।
- अपने नाम पर जारी सिम कार्ड की जानकारी TAFCOP पोर्टल पर जाचें।
- व्हाट्सऐप की प्राइवेसी सेटिंग्स बदलकर अनजान कॉल्स ब्लॉक करें।
- आधार बायोमेट्रिक लॉक रखें।
- संदिग्ध कॉल आने पर तुरंत पुलिस या साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें।

# मलोया पुलिस ने आरोपी को देसी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ दबोचा

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/17 अप्रैल। यूटी पुलिस की विशेष मुहिम के तहत थाना मलोया पुलिस ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान डड्डूमाजरा निवासी सुमित उर्फ डंगर के रूप में हुई है।

पुलिस को यह कार्रवाई एसएसपी यूटी चंडीगढ़ कंवरदीप कौर के निर्देशों, एसपी सिटी के.एम. प्रियंका के मार्गदर्शन और एसडीपीओ साउथ-वेस्ट धीरज कुमार की निगरानी में मिली। थाना मलोया के एसएचओ जसबीर सिंह के नेतृत्व में टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार वीरवार को एएसआई मंगत सिंह अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान डड्डूमाजरा कॉलोनी स्थित मकान नंबर 2317 के पास एक संदिग्ध युवक को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी कट्टा, जिसमें एक जिंदा कारतूस लोड था, बरामद हुआ। आरोपी इसके संबंध में कोई वैध लाइसेंस या परमिट पेश नहीं कर सका। बरामद हथियार और कारतूस को कब्जे में लेकर थाना मलोया में एफआईआर नंबर 59, दिनांक 16 अप्रैल 2026, धारा 25-54-59 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी पहले भी कई मामलों में शामिल रह चुका है। उसके खिलाफ थाना मलोया में मारपीट, धमकी, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत पहले भी मामले दर्ज हैं। आरोपी से एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि हथियार कहां से लाया गया था और उसका इस्तेमाल किस मकसद से किया जाना था।




# बीत इलाके में लंबे लंबे अघोषित कट लगाए जाने के खिलाफ 21 अप्रैल को बीत के लोग बीनेवाल कार्यालय के समक्ष करेंगे प्रदर्शन

दलजीत अज्जोहा



होशियारपुर/यूटर्न/17 अप्रैल। बिजली के बीत इलाके में लंबे लंबे अघोषित कटों के खिलाफ 21 अप्रैल दिन मंगलवार को सुबह साढ़े दस वजे बिजली दफ्तर बीनेवाल के समक्ष प्रदर्शन करेंगे। यह जानकारी देते हुए आल इंडिया जट्ट महासभा, पंजाब के जनरल सेक्रेटरी अजायब सिंह बोपाराय, पंचायत समिति सदस्य कमल कटारिया, कामरेड गरीब दास बीटन, वॉइस ऑफ दा पीपल के को कन्वीनर पवन शर्मा, पंचायत समिति सदस्य मोहन लाल ने कहा कि गर्मियों अभी शुरू हुयी है और रोजाना 12 से 16 घंटे तक के लंबे लंबे अघोषित कट लगने शुरू हो गए है।

उन्होंने कहा कि बीत इलाके के लिए बिजली की सप्लाई 24 घंटे जारी रखने के लिए अगर बीनेवाल कार्यालय में धरने के बाद गढ़शंकर में प्रदर्शन करना पड़ा तो बीत के लोग उसके लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि बीत के लोगों ने 2004 में 24 घंटे पॉवरकॉम के कार्यकारी इंजीनियर के समक्ष गढ़शंकर आनंदपुर साहिब रोड़ पर रात ग्यारह वजे तक धरना लगाया था। जिसके बाद मौके पर चीफ इंजीनियर ने पहुँच कर बीत इलाके के लिए 24 घंटे बिजली सप्लाई की घोषणा की थी और उसके बाद लगातार बीत इलाके को 24 घंटे बिजली सप्लाई जारी है। हालांकि कई बार इससे पहले भी बिजली के कट लगाने शुरू किए तो बीत के लोगों के संघर्ष किया तो फिर से बिजली 24 घंटे बहाल कर दी गई। अब फिर से कट लगने शुरू हो गए। जिसे किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

# दोआबा पब्लिक स्कूल पारोवाल के विद्यार्थियों ने 10वीं कक्षा के परिणाम में मारी बाजी

## स्कूल की छात्रा अर्पिता बत्ता ने 99.2 फीसदी अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया

दलजीत अज्जोहा

होशियारपुर/यूटर्न/17 अप्रैल। सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 10वीं कक्षा के नतीजों में पारोवाल स्थित दोआबा पब्लिक स्कूल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।



स्कूल की छात्रा अर्पिता बत्ता ने 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके जिले के मेधावी छात्रों में अपना नाम दर्ज कराया है। स्कूल निदेशका हरप्रीत कौर ने कक्षा 10वीं के नतीजों में जिले की शीर्ष छात्रा होने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अर्पिता बत्ता ने 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल और पूरे जिले के अभिभावकों का नाम रोशन किया है। हरप्रीत कौर ने बताया कि स्कूल के 27 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं और 124 छात्रों ने कक्षा 10वीं की परीक्षा में प्रथम दर्जे में पास की है। उन्होंने कहा कि हर बार की तरह, स्कूल के छात्रों ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन के दम पर न केवल पूरे जिले में ही, बल्कि दोआबा क्षेत्र में भी स्कूल का नाम रोशन किया है।



# सेक्रेड हार्ट स्कूल के हरगुन सिंह ने हासिल किए 93.6 प्रतिशत अंक

लुधियाना/यूटर्न/17 अप्रैल। हाल ही में सीबीएसई बोर्ड द्वारा अपने 10वीं के नतीजे घोषित किए गए हैं। लुधियाना की बात करें, तो शहर के स्टूडेंट्स लड़के लड़कियां भी कहीं पीछे नहीं रहे। लुधियाना के बीआरएस नगर स्थित सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल के 10वीं क्लास के हरगुन सिंह जोली द्वारा 93.6 प्रतिशत अंक हासिल कर एक उपलब्धि अपने नाम की है। हरगुन की इस मेहनत से उसके परिवार व स्कूल स्टॉफ बेहद खुश है। लुधियाना रीजन के करीब 1.20 लाख विद्यार्थियों ने 10वीं कक्षा की परीक्षा सेशन-1 में हिस्सा लिया। इसमें से 95.70 प्रतिशत छात्रों ने सफलता पाई है। ऑवरऑल रिजल्ट में लुधियाना रीजन को 9वां स्थान मिला है।

Uturn Time 18 Apr 2026_Layout 2 17-04-2026 23:25 Page 11



# फूड सेफ्टी विभाग की कार्रवाई पर सवाल: जगरांव में सेल्फ-सैंपलिंग का खेल

## नियमों को ठेंगा दिखा रहे 35 साल पुराना बीकानेरी स्वीट्स

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/17/अप्रैल। आम जनमानस के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए उत्तरदायी फूड सेफ्टी विभाग की कार्यप्रणाली पर आज जगरांव में गहरा प्रश्नचिह्न लग गया। विभागीय टीम ने तहसील रोड स्थित 'बीकानेरी स्वीट्स' सहित कई ठिकानों पर औचक निरीक्षण तो किया, लेकिन पूरी प्रक्रिया मात्र 'कागजी खानापूर्ति' और 'दिखावे' तक सीमित नजर आई। अधिकारियों की मौजूदगी में ही खाद्य सुरक्षा मानकों (ऋरअक फ४'ी२) की सरेआम धज्जियां उड़ती रहीं, परंतु दंडात्मक कार्रवाई के बजाय 'जागरूकता' का सहारा लेकर जांच को रफा-दफा कर दिया गया।






### कानूनी उल्लंघन: बिना 'डेट टैगिंग' के बिक रहा था सामान

FSSAI के स्पष्ट निर्देश हैं कि काउंटर पर रखी खुली मिठाइयों और पैकेट बंद सामान पर 'Best Before' या 'Expiry Date' लिखना अनिवार्य है। 'बीकानेरी स्वीट्स' के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि : बकरी उत्पादों, केक और मिठाइयों पर निर्माण की कोई तिथि अंकित नहीं थी। वर्कशॉप में काम कर रहे कारीगरों ने न तो हेडगियर (टोपी) पहने थे और न ही दस्ताने, जो कि Schedule 4 (Hygiene Standards) का सीधा उल्लंघन है। हैरानी की बात यह है कि 35 वर्षों से व्यवसाय कर रहे संचालक ने नियमों की जानकारी न होने का तर्क दिया, जो कानूनी रूप से मान्य नहीं है।

### अधिकारियों की चुप्पी: एक्शन या सिर्फ रस्म-अदायगी?

जब मीडिया कर्मियों ने विभाग की कार्यशैली और फेल हुए सैंपल्स पर की गई कार्रवाई के बारे में पूछा, तो टीम के पास कोई संतोषजनक जवाब नहीं था। यह स्पष्ट नहीं किया गया कि जिन स्थानों पर मिलावट की पुष्टि हुई, वहां सामग्री को नष्ट किया गया या नहीं, और उन पर Section 51 (Sub-standard food) या Section 52 (Misbranded food) के तहत चालान क्यों नहीं किया गया।

### विवादास्पद जांच प्रक्रिया: क्या 'संदेह के घेरे' में है विभाग?

जांच प्रक्रिया तब सवालों के घेरे में आ गई जब लैब टेक्नीशियन अमनदीप कौर की उपस्थिति में नमूने (Samples) लेने की मानक प्रक्रिया (Standard Operating Procedure) का पालन नहीं किया गया। नियमानुसार, फूड सेफ्टी ऑफिसर को संदिग्ध स्टॉक से रैंडम सैंपल खुद उठाना चाहिए। इसके विपरीत, यहां दुकानदार द्वारा स्वेच्छा से पेश किए गए 'चुनिंदा' नमूने को ही मशीन में डालकर जांचा गया और उसे सुरक्षित घोषित कर दिया गया।

**कानूनी पहलू:** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 38 और 47 के तहत, अधिकारी के पास नमूने लेने के व्यापक अधिकार हैं। दुकानदार द्वारा खुद दिए गए सैंपल की जांच करना निष्पक्ष जांच के सिद्धांतों के विरुद्ध है।

**प्रमुख बिंदु: एक नजर में:-** दस्ताने और टोपी का अभाव, एक्सपायरी डेट गायब, दुकानदार की मर्जी से जांच

**निष्कर्ष :** जगरांव की जनता अब यह सवाल पूछ रही है कि यदि विभाग को केवल चेतावनी ही देनी है, तो मोबाइल लैब वैन और लाव-लश्कर पर सरकारी धन का व्यय क्यों किया जा रहा है? यदि रसूखदार दुकानदारों को इसी तरह 'क्लीन चिट' मिलती रही, तो आम जनता की सेहत का 'रक्षक' कौन होगा?

# चुनाव आयोग के आदेशों की उड़ी धज्जियां; प्रशासन की सुस्ती से भड़के लोग

## लोकल बॉडीज विभाग की भारी लापरवाही: समय पर नहीं पहुँचीं वोटर लिस्ट, उम्मीदवारों और जनता में भारी रोस

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/17/अप्रैल। जगरांव में चुनाव आयोग की स्पष्ट हिदायतों को ठेंगा दिखाते हुए स्थानीय प्रशासन और 'लोकल बॉडीज' विभाग की बड़ी नाकामी सामने आई है। प्रशासन की सुस्त कार्यप्रणाली के कारण वोटर लिस्ट समय पर उपलब्ध नहीं हो पाई हैं, जिसके चलते गर्मी में चुनाव कार्यालयों के चक्कर काट रहे लोगों का गुस्सा अब सातवें आसमान पर है।

### क्या है पूरा मामला?

चुनाव आयोग के निर्धारित शेड्यूल के अनुसार, वोटर लिस्ट हर हाल में 15 अप्रैल तक संबंधित कार्यालयों में पहुँच जानी चाहिए थी। इन सूचियों पर आपत्तियां (Objections) दर्ज कराने का समय 17 अप्रैल से 23 अप्रैल तक तय किया गया था। लेकिन विडंबना यह है कि आज आपत्ति दर्ज कराने का समय शुरू होने के बावजूद कार्यालयों में सूचियां ही गायब हैं।

### प्रशासनिक लापरवाही के:

**छुट्टियों की मार:** शनिवार और रविवार की छुट्टी होने के कारण लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। अब आपत्तियां दर्ज कराने के लिए जनता के पास समय बहुत कम बचेगा।



Janhvi Kapoor

ग्लैमर इंडस्ट्री में इन दिनों Janhvi Kapoor की एक स्टाइलिश तस्वीर ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। बोल्ड और एलीगेंट लुक में नजर आ रही एक्ट्रेस को लेकर फैंस के बीच खूब चर्चाएं हो रही हैं। उनके इस नए फोटोशूट को किसी बड़े प्रोजेक्ट या ब्रांड से जोड़कर भी देखा जा रहा है। इंडस्ट्री में कयास लगाए जा रहे हैं कि जल्द ही जाह्नवी किसी बड़े ऐलान के साथ सामने आ सकती हैं। फिलहाल, उनका ये ग्लैमरस अवतार इंटरनेट पर ट्रेंड कर रहा है।

# नगर काउंसिल चुनाव से पहले सियासत गरम, भाजपा नेता के गंभीर आरोप

## वोटों की कटौती व अदला-बदली का आरोप, प्रशासन पर उठाए सवाल, गड़बड़ियां ठीक न हुईं तो आंदोलन की चेतावनी

डेराबस्सी/यूटर्न/17 अप्रैल। नगर काउंसिल चुनाव नजदीक आते ही हलका डेराबस्सी की सियासत गरमा गई है। वरिष्ठ भाजपा नेता गुरदर्शन सिंह सैणी ने मौजूदा सरकार और स्थानीय प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सत्ताधारी दल हार के डर से धांधली पर उतर आया है।



सैणी ने आरोप लगाया कि प्रशासन की मिलीभगत से क्षेत्र के लगभग सभी वार्डों में भाजपा नेताओं और समर्थकों के नाम वोटर सूची से बड़े पैमाने पर काट दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन वोटों को सुनियोजित तरीके से अन्य वार्डों में शिफ्ट किया गया है, ताकि भाजपा के मजबूत जनाधार को कमजोर किया जा सके। उन्होंने आगे कहा कि जिन वार्डों में पार्टी के मजबूत संभावित उम्मीदवार जीत दर्ज कर सकते थे, वहीं उनके समर्थकों के वोट ही दूसरे वार्डों में ट्रांसफर कर दिए गए, जिससे वे अपने ही क्षेत्र से चुनाव न लड़ सकें। सैणी ने इसे लोकतंत्र की हत्या करार दिया।

भाजपा नेता ने कहा कि सरकार को अपनी हार साफ दिखाई दे रही है, क्योंकि पिछले चार वर्षों में प्रदेश को बदहाल किया गया है। इसी के चलते अब वोटर सूचियों के साथ छेड़छाड़ की जा रही है।

सैणी ने प्रशासनिक अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि वोटर सूचियों में की गई गड़बड़ियों को तुरंत ठीक नहीं किया गया तो भाजपा इस मुद्दे को लेकर बड़ा आंदोलन शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बचाने के लिए पार्टी हर कानूनी और राजनीतिक लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है।

# सुखी: इजराइल और लेबनान के बीच 10 दिन का सीजफायर शुरू, ट्रंप ने ईरान से बातचीत के संकेत दिए

चंडीगढ़/यूटर्न/17 अप्रैल। लेबनान और इजराइल के बीच 10 दिन का सीजफायर गुरुवार से लागू हो गया, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वॉशिंगटन इस हफ़्ते के आखिर में ईरान के साथ नई बातचीत कर सकता है, जिससे यह उम्मीद जगी है कि चल रहा संघर्ष शायद सुलझने के करीब है। ट्रंप ने यह भी कहा कि ईरान ने संकेत दिया है कि वह दो दशकों से ज्यादा समय तक परमाणु हथियार नहीं रखेगा; यह पिछले हफ़्ते इस्लामाबाद में हुई बातचीत में एक अहम अड़चन थी। ट्रंप ने इससे पहले सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था कि दोनों देश न्यूयॉर्क के समय के मुताबिक शाम 5 बजे अपना सीजफायर शुरू करेंगे। राष्ट्रपति ने उपराष्ट्रपति जेडी वैंस, विदेश मंत्री मार्को रूबियो और जॉइंट चीफ़्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन डैन केन को भी निर्देश दिया कि वे ₹इजराइल और लेबनान के साथ मिलकर एक स्थायी शांति हासिल करने के लिए काम करें।



## लेबनान के राष्ट्रपति ने ट्रंप से बात की

इससे पहले, लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ आउन ने गुरुवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बात की; दो लेबनानी अधिकारियों ने रॉयटर्स को बताया कि आउन के पद संभालने के बाद यह उनकी पहली बातचीत लग रही थी। तीन लेबनानी अधिकारियों ने गुरुवार को रॉयटर्स को बताया कि लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ आउन निकट भविष्य में इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात नहीं करेंगे; यह बात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान के बाद सामने आई जिसमें उन्होंने कहा था कि दोनों देशों के नेता आपस में बात करेंगे। दो लेबनानी अधिकारियों ने बताया कि वॉशिंगटन में लेबनानी दूतावास ने गुरुवार को आउन और विदेश मंत्री मार्को रूबियो के बीच बातचीत से पहले ही अमेरिकी प्रशासन को सूचित कर दिया था कि आउन नेतन्याहू से बात नहीं करेंगे।

## ईरान में पाकिस्तानी सेना प्रमुख

पाकिस्तान के सेना प्रमुख, फील्ड मार्शल आसिम मुनीर, और गृह मंत्री मोहसिन नकवी तेहरान पहुंचे, ताकि ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत को फिर से शुरू करने में मदद कर सकें; पिछले सप्ताहांत इस्लामाबाद में दोनों पक्ष किसी शांति समझौते पर पहुंचने में असफल रहे थे। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने पर मुनीर का ईरान में स्वागत किया। उन्होंने कहा, पाकिस्तान द्वारा बातचीत की मेजबानी करने के लिए आभार व्यक्त किया, और इस बात पर जोर दिया कि यह हमारे गहरे और महान द्विपक्षीय संबंधों को दशार्ता है।

## अमेरिकी रक्षा मंत्री ने दी चेतावनी

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने गुरुवार को चेतावनी दी कि अमेरिका ईरान की सैन्य गतिविधियों पर करीब से नजर रख रहा है, और अगर तेहरान किसी समझौते को ठुकरा देता है तो वह फिर से सैन्य अभियान शुरू करने के लिए तैयार है।उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेनाएँ ₹सैन्य अभियानों के लिए तैयार हैं, अगर ईरान कोई गलत फैसला लेता है और किसी समझौते पर राजी नहीं होता। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने बताया कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख ने गुरुवार को ईरान की संसद के स्पीकर से मुलाकात की; यह मुलाकात तब हुई जब पाकिस्तानी मध्यस्थ अमेरिका और इजराइल के साथ चल रहे युद्ध को खत्म करने की कोशिशों को आगे बढ़ाने के लिए ईरान पहुँचे थे। मीडिया के अनुसार, पाकिस्तान सेना के कमांडर फील्ड मार्शल आसिम मुनीर, जो कल हमारे देश आए थे, ने मोहम्मद बाघर गालिबफ से मुलाकात की और बातचीत की।

**बातचीत का अगला दौर कब होगा?...**व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत का अगला दौर 'बहुत संभव है' कि फिर से इस्लामाबाद, पाकिस्तान में ही हो, और उन्होंने मध्यस्थ के रूप में उस देश की भूमिका को रेखांकित किया। बातचीत के बारे में पूछे जाने पर, उन्होंने पत्रकारों से कहा, ₹बहुत संभव है कि यह उसी जगह पर हो, जहाँ पिछली बार हुई थी।₹ दिन में बाद में, पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत के दूसरे दौर के स्थान के बारे में उनके पास ₹कोई जानकारी नहीं₹ है, और न ही बातचीत के लिए कोई तारीखें तय की गई हैं। उन्होंने उन रिपोर्टों से भी इनकार किया कि अमेरिका ने औपचारिक रूप से संघर्ष विराम बढ़ाने की मांग की थी।

# जी.एच.जी एकेडमी की ऐतिहासिक उपलब्धि

## कक्षा 10 सीबीएसई परिणाम 2026 : सफलता, समर्पण और उत्कृष्टता की शानदार गाथा

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/17/अप्रैल। गौरव और उत्सव के इस विशेष अवसर पर, जीएचजी एकेडमी, कोठे बग्गू, जगरांव ने कक्षा 10वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2026 में शानदार और रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परचम लहराया है।

इस सत्र के मेधावी छात्र हैं:

प्रथम स्थान (98%)- हरसिमरत कौर गिल, प्रभजोत सिंह, शनवीर कौर

द्वितीय स्थान (96%)- दपिंदर कौर

तृतीय स्थान (95%)- जापनीत कौर गिल, हरमन सिद्धू, नवनीत कौर

विद्यालय परिसर खुशी और गर्व से गूंज उठा जब छात्रों ने शानदार परिणाम हासिल किए।

17 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 27 विद्यार्थियों ने 80% से 90% के बीच अंक हासिल किए। अन्य विद्यार्थियों का परिणाम भी अत्यंत सराहनीय



रहा, जो समग्र रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन को दशार्ता है। यह शानदार उपलब्धि छात्रों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है, साथ ही शिक्षकों के मार्गदर्शन और अथक प्रयासों का भी सुंदर उदाहरण है। अभिभावकों के सहयोग ने भी इस सफलता की यात्रा को और सशक्त बनाया। विद्यालय प्रबंधन एवं प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनकी लगन और परिश्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे उत्कृष्ट परिणाम निरंतर प्रयास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रेरणादायक वातावरण का परिणाम होते हैं, जो प्रत्येक विद्यार्थी को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। जी.एच.जी. एकेडमी निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है और भविष्य के सफल नागरिकों का निर्माण कर रही है। यह शानदार परिणाम केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि सपनों के साकार होने का उत्सव है। हमारे सभी होनहार विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई! उत्कृष्टता की यह परंपरा जारी है। और सर्वश्रेष्ठ अभी बाकी है!

# गुरजीत सिंह ईसापुर बने प्रेस क्लब डेराबस्सी के प्रधान

## पत्रकारों ने दी बधाई, कहा–मिलेगी नई दिशा





डेराबस्सी/यूटर्न/17 अप्रैल। वरिष्ठ पत्रकार गुरजीत सिंह ईसापुर को प्रेस क्लब सब डिवीजन डेराबस्सी (रजि. 2589) का प्रधान बनाए जाने पर पत्रकारों और क्षेत्र की विभिन्न संस्थाओं ने उन्हें बधाई दी है। इस अवसर पर साथियों ने कहा कि गुरजीत सिंह ईसापुर का पत्रकारिता में लंबा अनुभव है और उनके नेतृत्व में प्रेस क्लब को नई दिशा मिलेगी। उनके प्रधान बनने से पत्रकारों की समस्याओं के समाधान और आपसी एकता को और मजबूती मिलेगी। बधाई देने वालों ने आशा जताई कि वह अपनी नई जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएंगे तथा पत्रकार समुदाय के हितों के लिए सदैव अग्रसर रहेंगे।

# ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री तरुणप्रीत सिंह सौंध ने डेराबस्सी ब्लॉक के गांवों में खेल मैदानों के कार्यों की प्रगति का लिया जायजा



जीरकपुर/यूटर्न/17 अप्रैल। पंजाब के ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री तरुणप्रीत सिंह सौंध ने आज डेराबस्सी ब्लॉक के विभिन्न गांवों का दौरा कर वहां चल रहे खेल मैदानों के विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस मौके पर हल्का डेराबस्सी के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा भी उनके साथ मौजूद रहे। मंत्री ने बड़ाना, भागसी, मियांपुर और मुकंदपुर गांवों का दौरा किया और संबंधित कार्यों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। मंत्री सौंध ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने और उन्हें बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि पूरे राज्य में लगभग 3,100 खेल मैदान आधुनिक सुविधाओं और उपकरणों के साथ विकसित किए जा रहे हैं।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।

Contact - +91 9814295372